दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 । अंक: 275 जयपुर, शुक्रवार, 13 सितंबर, 2024 । भाद्रपद, शुक्ल पक्ष-दशमी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### CM ने दी रामदेव जयंती व तेजा दशमी पर बधाई



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रामदेव जयन्ती एवं तेजा दशमी के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। शर्मा ने कहा कि बाबा रामदेव और वीर तेजाजी ने अपना पूरा जीवन लोक कल्याण के लिए समर्पित कर दिया। बाबा रामदेव जी सामाजिक समरसता स्थापित करने, दीन-दुखियों व असहाय लोगों की मदद करने के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहे, वहीं वीर तेजाजी ने गायों की रक्षा के लिए अपने प्राण तक न्योछावर कर दिए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से बाबा रामदेव जी और वीर तेजाजी के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया।

### CPI (M) महासचिव सीताराम येचुरी का निधन



**नई दिल्ली।** कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्सवादी) के महासचिव सीताराम येचुरी का 72 साल की उम्र में निधन हो गया। निमोनिया की शिकायत होने के बाद उन्हें 19 अगस्त को एम्स दिल्ली में भर्ती कराया गया था। 25 दिन से उनका इलाज चल रहा था। परिवार ने अस्पताल को सीपीआई (एम) नेता की बॉडी डोनेट की है। वे तीन बार पार्टी के महासचिव रहे। वहीं, सीपीआई (एम) की ओर से जारी बयान में कहा गया कि 'कॉमरेड सीताराम येचुरी को सांस की नली में गंभीर संक्रमण हुआ था।' -पेज 7 भी देखें

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**शीर्ष अदालत की अहम टिप्पणी-** आरोपी के घर को बुलडोजर से गिराने की धमकी नहीं दें

# एक सदस्य के अपराध पर पूरे परिवार को सजा नहीं दे सकते

- अपराधियों की संपत्ति को ध्वस्त करने को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त
- यह देखा जाता है 'देश के कानूनों पर बुलडोजर चलाने' के रूप में

**बेधड़क** | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर से संपत्ति को ध्वस्त करने की कार्रवाई पर सख्त टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत में तीन जजों की पीठ ने गुजरात के नागरिक निकाय को यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश भी दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने आपराधिक मामले में आरोपी के घर को बुलडोजर से गिराने की धमकी नहीं देने का आदेश दिया। अदालत ने साफ किया कि अपराध में आरोपी की कथित संलिप्तता संपत्ति को ध्वस्त करने का कोई आधार नहीं माना जा सकता। जस्टिस हृषिकेश रॉय, जस्टिस सुधांशु धूलिया और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा कि इस देश में कानून का शासन है। राज्य सरकार की कानूनी कार्रवाई भी संविधान के दायरे में होती है। ऐसे में अगर परिवार का एक सदस्य गलत करता है तो संपत्ति ध्वस्त करने जैसी कार्रवाई कर अन्य सदस्यों या पूरे परिवार को आपराधिक कृत्यों की सजा नहीं दे सकते।



### कानून के शासन वाले राज्य में यह अनुचित

शीर्ष अदालत ने साफ किया कि संपत्ति विध्वंस की धमकियां कानून के शासन वाले राज्य और देश में कल्पना से परे है। अदालत ने कहा कि वह ऐसी कार्रवाई से बेखबर नहीं रह सकती, जिन्हें 'देश के कानूनों पर बुलडोजर चलाने' के रूप में देखा जा सकता हो। तीन जजों की पीठ ने स्पष्ट किया कि किसी भी कथित अपराध को अदालत में उचित कानूनी प्रक्रिया के माध्यम से साबित किया जाना चाहिए।

### एक महीने बाद होगी सुनवाई

पीठ ने गुजरात सरकार और राज्य के खेड़ा जिले के कठलाल नागरिक निकाय को नोटिस जारी कर चार हफ्ते के भीतर जवाब मांगा। जावेद अली एम सैयद नाम के याचिकाकर्ता ने विध्वंस से सुरक्षा मुहैया कराने की गुहार लगाई थी। अदालत ने याचिकाकर्ता की संपत्ति के संबंध में सभी संबंधित पक्षों को यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने मामले की जांच करने पर सहमति जताई और इसे एक महीने बाद सूचीबद्ध किया।

**सीएम भजनलाल की विदेश यात्रा का तीसरा दिन:** जापानी फर्मों को निवेश के लिए किया आमंत्रित, विभिन्न व्यवस्थाएं भी देखीं

# जापान के निवेशकों को उपयुक्त वातावरण प्रदान करेंगे: शर्मा

**बेधड़क** | टोक्यो / जयपुर

'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के दक्षिण कोरिया रोडशो के सफल आयोजन के बाद, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को जापान की राजधानी टोक्यो में निवेशकों की बैठक (रोडशो) में भाग लिया। इस उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने जापानी व्यापारी जगत को प्रदेश में निवेश के लिए और इस साल दिसंबर में आयोजित 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट 2024 में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। टोक्यो में आयोजित इस रोड शो को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान में निवेश करने और मौजूदा संबंधों को मजबूत करने के लिए जापानी निवेशक समुदाय और उद्यमियों को आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जापानी निवेशकों के लिए उपयुक्त व्यापारिक वातावरण प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता नीमराणा जापानी निवेश क्षेत्र की सफलता से स्पष्ट है, जहां अब तक 48 से अधिक जापानी कंपनियों ने लगभग 8.34 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है और 26,000 से अधिक लोगों को रोजगार दिया है। यह 'इज ऑफ डूइंग बिजनेस' के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का एक जीवंत उदाहरण है। इसकी सफलता से प्रेरित होकर, हमारी सरकार राज्य में दूसरा जापानी निवेश क्षेत्र भी विकसित कर रही है। जापान के साथ हम न केवल निवेश, बल्कि एक स्थायी और दीर्घकालिक साझेदारी करना चाहते हैं।



### महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि

इस मुलाकात से पहले मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने टोक्यो के एडोगावा स्थित फ्रीडम प्लाजा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर सीएम ने एक्स पर लिखा, "पूज्य बापू जी का जीवन सत्य और अहिंसा के सिद्धांतों पर आधारित था, जो आज भी दुनिया भर में प्रेरणा का स्रोत हैं।" इस अवसर पर राजस्थान के डिप्टी सीएम प्रेम चंद बैरवा और सीएम के साथ जापान गए प्रतिनिधि मंडल के सदस्य भी मौजूद रहे।



### राजस्थान आएंगे जापान के उप मंत्री ताकू इशी

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को टोक्यो में जापान के अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग के संसदीय उप मंत्री ताकू इशी से मुलाकात की और उन्हें दिसंबर में आयोजित होने वाले राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 में आमंत्रित किया। इस मुलाकात की कुछ तस्वीरें सीएम ऑफिस ने जारी की हैं, जिसमें सीएम भजनलाल शर्मा ताकू इशी को हाथ मिलाते और एक निमंत्रण पत्र देते हुए देखे जा सकते हैं।

### होंडा मोटर के अधिकारी से मिले सीएम

जापानी कंपनी होंडा मोटर कंपनी लिमिटेड के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसीडेंट आओयामा और वरिष्ठ अधिकारियों ने गुरुवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाले राजस्थान सरकार के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। इस बैठक में होंडा ने राजस्थान सरकार के अटूट समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया और राज्य में कंपनी के ऑपरेशंस के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राजस्थान में मौजूद अवसरों की चर्चा की और होंडा को राज्य में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट लगाने के लिए आमंत्रित किया।

### सीएम ने टोक्यो में वाफुकु अस्पताल का किया दौरा

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को टोक्यो में वाफुकु अस्पताल और होम केयर ग्रुप के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान वाफुकु अस्पताल के चेयरमैन डॉ. नोबुहिको इशिदा और कंपनी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। कंपनी के अधिकारियों ने राज्य सरकार के साथ सहयोग करने, राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ाने और जापान और राजस्थान के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने में रुचि दिखाई।

**चूरू में सामने आया शर्मनाक मामला**

# NCC सर्टिफिकेट की रिश्वत में मांगी अस्मत



**बेधड़क** | चूरू

जिले में एक शर्मनाक मामला सामने आया है। एक 19 वर्षीय कॉलेज स्टूडेंट से एनसीसी का सर्टिफिकेट देने की एवज में रिश्वत के रूप अस्मत मांगी गई। महिला थाने में कॉलेज स्टूडेंट की रिपोर्ट पर दो जनों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच कर रहे डीएसपी सुनील झाझड़िया ने बताया कि 19 वर्षीय कॉलेज स्टूडेंट ने रिपोर्ट में बताया कि वह राजकीय महाविद्यालय की छात्रा है। वर्ष 2021 में उसने एनसीसी ली थी। इसके बाद एनसीसी ऑफिस चूरू में कार्यरत सूबेदार कैंप में ग्रुप बनाने का काम करता था। उसने मुझे एनसीसी का सी सर्टिफिकेट दिलवाने की बात कही। मगर इसके लिए सहयोग करने (फिजिकल) का दबाव बनाया।

### कॅरिअर बर्बाद करने की दी धमकी

डीएसपी ने बताया कि रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि इसमें सहयोग नहीं करने पर उसका कॅरिअर बर्बाद करने की धमकी दी गई। रिपोर्ट में उसने बताया कि दो माह पहले सूबेदार का चूरू से जम्मू-कश्मीर ट्रांसफर हो गया। फिर, सूबेदार के कहने पर एक और व्यक्ति ने गंदे और भद्दे मैसेज मोबाइल पर भेजे। पीड़िता ने रिपोर्ट में बताया कि इसके लिए एनसीसी ऑफिस में कमांडिंग ऑफिसर से भी शिकायत की थी, मगर कोई कार्रवाई नहीं की गई। वहीं, आरोपी स्टूडेंट पर लगातार दबाव बना रहे हैं। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर दोनों के खिलाफ आईपीसी की संगीन धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# फरार 1 लाख का इनामी हार्डकोर अपराधी दबोचा

**सांचौर।** पुलिस की टीमों ने कार्रवाई करते हुए 6 साल से फरार चल रहे आरोपी भजनलाल विश्नोई निवासी पुनासा को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीमों के द्वारा पिछले करीब 4 माह से निगरानी रखकर सूचनाएं एकत्र की गई। पुलिस के पास इनपुट था कि वह जानी गोगाजी मामाजी मन्दिर खेडा हर वर्ष गोगा नवमी पर मन्दिर पर आकर प्रसादी चढाता है। गुरुवार को वहां सिपाही तैनात कर दिए गए। दिन को करीब 1 बजे भजनलाल मंदिर आया और दर्शन के बाद शक होने पर भागने की कोशिश की। जिस पर सरवाना पुलिस टीम द्वारा पीछा किया तो भजनलाल ने गाड़ी से उतरकर भागने की कोशिश की। नीचे गिरने से उसमू पैरॊ में चोटे आ गई। तब पुलिस ने घेरकर पकड़ लिया।



**एसआई भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामला**

# रामूराम राईका और उसके बेटे-बेटी समेत 9 आरोपियों को भेजा जेल

- हाल ही में शोभा, देवेश राईका, मंजू देवी, अविनाश और विजेंद्र पकड़े
- आरोपी बाबूलाल कटारा को एसओजी शुक्रवार को करेगा कोर्ट में पेश
- पेपर लीक गैंग से जुड़े 30 से ज्यादा की हो चुकी है गिरफ्तारी

**बेधड़क** | जयपुर

एसआई भर्ती परीक्षा में धांधली करने वाले पिता, बेटा-बेटी समेत 9 आरोपियों को पूछताछ के बाद एसओजी ने गुरुवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से कोर्ट ने आरोपी आरपीएससी के पूर्व सदस्य रामूराम राइका, ट्रेनी एसआई देवेश राईका, शोभा राईका, मंजू, अविनाश, ब्रिजेन्द्र के अलावा रितु शर्मा, अनिल, अर्जुन को जेल भेज दिया। आरपीएससी के पूर्व सदस्य रामूराम राईका को एसओजी ने 10 दिन की रिमांड पर लिया था। वहीं, उसके बेटे ट्रेनी एसआई देवेश राईका को 9 और बेटी शोभा राईका को 9 दिन की रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी।



### एफएसएल जांच के बाद कार्रवाई

इस मामले में आरपीएससी के पूर्व सदस्य रहे बाबूलाल कटारा को एसओजी शुक्रवार को तीन दिन की रिमांड अवधि पूरी होने पर कोर्ट में पेश करेगी। सब इंस्पेक्टर भर्ती 2021 पेपर लीक मामले में भजनलाल सरकार की ओर से बनाई गई एसआईटी ने सबसे पहले 6 मार्च को आरपीए से 14 ट्रेनी एसआई को पकड़ा था। एसओजी ने एडमिट कार्ड की फोटो, परीक्षा के दौरान की गई वीडियोग्राफी और उपस्थिति रजिस्टर में किए हस्ताक्षरों की एफएसएल जांच के बाद कार्रवाई को अंजाम दिया था।

### अब तक 42 ट्रेनी एसआई हो चुके हैं गिरफ्तार

सब इंस्पेक्टर भर्ती 2021 में पेपर लीक के मामले में एसओजी अब तक 42 चयनित ट्रेनी एसआई और पेपर लीक गैंग से जुड़े 30 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार कर चुका है। अभी भी कई ट्रेनी एसआई एसओजी के रडार पर चल रहे हैं। एसओजी ने इसी साल अप्रैल में पहली बार इस एग्जाम से जुड़े ट्रेनी एसआई की गिरफ्तारी की थी। रविवार को गिरफ्तार हुए पांच सब इंस्पेक्टर में शोभा राईका, देवेश राईका, मंजू देवी, अविनाश और विजेंद्र शामिल हैं।

### 1 सितंबर को गिरफ्तार हुआ था राईका

एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक मामले में आरपीएससी के पूर्व सदस्य रामू राम राईका को 1 सितंबर की रात गिरफ्तार किया था। एसओजी ने राईका से 5 घंटे पूछताछ की थी। रामू राम राईका को वर्ष 2018 में बीजेपी सरकार के दौरान आरपीएससी का मेंबर बनाया गया था। राईका 4 जुलाई 2022 तक मेंबर रहा। एसओजी ने पिछले सप्ताह आरपीए से 5 ट्रेनी एसआई को हिरासत में लिया था। इनमें रामू राम राईका के बेटा-बेटी भी शामिल हैं।

## जरूरी खबर

### BJP की राष्ट्रीय मंत्री ने ली कार्यकर्ताओं की मीटिंग



जयपुर। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अलका गुर्जर गुरुवार को धौलपुर पहुंचीं। अपने प्रवास के दौरान उन्होंने धौलपुर में भाजपा पदाधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने भाजपा सदस्यता अभियान की अब तक की प्रगति की समीक्षा की। इस मौके पर डॉ. अलका गुर्जर ने कहा कि हमें गांव-गांव और ढाणी-ढाणी जाना है और धौलपुर जिले में हर घर भाजपा का सदस्य बनाना है। विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने के लिए हमने जो जिले का संकल्प लिया है, उससे भी अधिक सदस्य बनाने हैं।

### 'रेल पटरियों पर हो रहे हादसे मानवता का कत्ले-आम'

जयपुर। ऑल इंडिया एंटी टेररिस्ट फ्रंट के चेयरमैन मनिंदरजीत सिंह बिट्टा ने कहा है कि रेल पटरियों पर हो रहे हादसे मानवता का कत्ले-आम है। ये आतंकवाद से भी ज्यादा खतरनाक है। जब ऐसे लोग पकड़े जाते हैं तो धर्म के नाम पर राजनीति शुरू होती है। इस तरह के षड्यंत्र भारत मां की पीठ में छुरा घोंपने के समान है। वे गुरुवार को जोधपुर प्रवास पर मीडिया से बातचीत कर रहे थे। वे शुक्रवार को रामदेव मंदिर दर्शनार्थ को जाएंगे। बिट्टा ने पूर्व में पंजाब के हालात पर कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या करने वाले बेअंतसिंह के बेटे को सांसद बना दिया जाता है। देश विरोधी नारे देने वाले अमृतपाल को भी लोग सांसद बना देते हैं। देश को धर्मशाला बनाया जा रहा है। हम भारतीय है और क्यों धर्म के नाम पर बंटे हैं। खुद को भारतीय कहलाने में शर्म क्यों आती है। बिट्टा ने कहा कि देश के कण-कण और हर व्यक्ति में राष्ट्र भावना आ जाएगी तो यह घटनाएं हो ही नहीं सकती है। हम आज अपने तक सीमित रह गए हैं।

### उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज प्रदेश दौरे पर



जयपुर। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व डॉ. सुदेश धनखड़ शुक्रवार को अजमेर के किशनगढ़, सुरसुरा और नागौर जिले के खरनाल के एक दिवसीय दौरे पर आएंगे। उपराष्ट्रपति किशनगढ़ में बांदरसिंदरी स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। यात्रा के दौरान उपराष्ट्रपति तेजा दशमी पर खरनाल और सुरसुरा में स्थित वीर तेजाजी मंदिरों के दर्शन भी करेंगे।

---

**प्रदेश में मानसून की मेहरबानी से 376 बांध लबालब, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत बोले...**

# जलझूलनी एकादशी को मनाएंगे 'राजस्थान जल महोत्सव'

बेधड़क | जयपुर

जल संसाधन मंत्री ने सुरेश सिंह रावत ने कहा कि प्रदेश में इस वर्ष मानसून की असीम कृपा रही है। मरु प्रदेश राजस्थान के लिए यह मंगल उत्सव का समय है।

उन्होंने कहा कि वर्षा के इस सुखप्रद समय को उत्सव के रूप में मनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के संपूर्ण रूप से भरे बांधों और जलाशयों पर 14 सितंबर को जलझूलनी एकादशी के दिन 'राजस्थान जल महोत्सव-2024' मनाने का निर्णय लिया गया है। रावत ने कहा कि प्रदेश में इस बार सामान्य से 215 मिलीमीटर अधिक वर्षा दर्ज की गई है, जो प्रदेश के विकास का सुखद संदेश है। अच्छे मानसून के चलते प्रदेश के बांध कुल भराव क्षमता के 84.18 प्रतिशत तक भर चुके हैं। तकरीबन 376 बांध लबालब हैं और अधिकांश जलाशय पूरे भर चुके हैं। उन्होंने कहा कि अच्छी वर्षा से आगामी साल में प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली में वृद्धि होगी और चहुंमुखी विकास होगा। उन्होंने कहा कि आमजन में भी इस समय हर्ष का माहौल है। जल संसाधन मंत्री ने कहा कि जलझूलनी एकादशी पर प्रदेश भर में 'राजस्थान जल महोत्सव-2024' के तहत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही जल संग्रहण एवं जल मितव्ययता के बारे में चर्चा की जाएगी। उन्होंने आयोजन की पूर्व तैयारियों के संबंध में संबंधित विभागों और जिलों को निर्देश प्रदान किए तथा आपसी समन्वय से कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन के लिए कहा। उन्होंने कहा कि महोत्सव के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं तथा छात्र-छात्राओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, काश्तकारों, आमजन, संस्थाओं, मीडिया तथा सबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को भी अधिकाधिक संख्या में जोड़ने के निर्देश दिए।



### मंत्री ने जलभराव वाले स्थानों का किया निरीक्षण

जल संसाधन मंत्री एवं भरतपुर जिला प्रभारी सुरेश सिंह रावत ने गुरुवार को शहर में जल भराव वाले क्षेत्रों का निरीक्षण किया। मंत्री ने जिला प्रशासन द्वारा पानी निकासी के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लेकर अतिरिक्त संसाधन बढ़ाने के निर्देश दिए। इस दौरान डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश सिंह, बयाना विधायक डॉ. ऋतु बनावत, जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव सहित अधिकारी मौजूद रहे। भरतपुर जिला प्रभारी मंत्री ने कलेक्ट्रेट से राजेंद्र नगर, जवाहर नगर, कृष्णा कॉलोनी में जल भराव एवं नालों में पानी निकासी के लिए किए जा रहे प्रबंधों का निरीक्षण कर आमजन से फीडबैक भी लिया। उन्होंने सुजान गंगा नहर पहुंचकर आसपास के मंदिरों में एकत्रित पानी का निरीक्षण कर आमजन से पानी की आवक के साथ निकासी के रियासतकालीन स्रोतों के बारे में जानकारी ली।

---

**एसटी-एसटी मोर्चा कार्यकर्ताओं ने जयपुर में किया पुतला दहन**

# राहुल के बयान का विरोध सड़कों पर उतरी भाजपा

बेधड़क | जयपुर

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अमेरिका यात्रा के दौरान आरक्षण सहित अन्य मुद्दों पर बयान देकर एक बार फिर विवाद खड़ा कर दिया है। भारत में आरक्षण और बेरोजगारी के मुद्दे के साथ ही राहुल ने सिख समाज को लेकर भी टिप्पणी की। राहुल के बयान के बाद देश की राजनीति का सियासी पारा एक बार फिर गर्म हो गया। बीजेपी के राष्ट्रीय से लेकर प्रदेश के नेताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ बयानों के जरिए मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश में आरक्षण पर दिए बयान को मुद्दा बना कर भाजपा एसटी-एससी मोर्चा तो सड़कों पर उतर आया।

बीजेपी के विधायक जितेंद्र गोठवाल और एसटी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नारायण मीणा के नेतृत्व में राहुल के खिलाफ जयपुर की सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने विदेश में जाकर सुर्खियां बटोरने के लिए भारत की आलोचना करने का काम किया है, ये बहुत निंदनीय, उन्हें तमाम आरक्षित वर्ग के साथ देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ये वही पार्टी है, जिसके नेता पहले भी आरक्षण को खत्म करने के पक्ष की बात कर चुके हैं।

## सुर्खियां बटोरने के लिए करते हैं देश की आलोचना: गोठवाल



### 'हमेशा देश विरोधी ताकतों के साथ खड़े आते हैं नजर'

विधायक और आरक्षित वर्ग से आने भाजपा के प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने कहा कि जब-जब भी राहुल गांधी विदेश जाते हैं। हमेशा देश को अपमानित करने वाले उनके बयान सामने आते हैं, जिससे देश के प्रत्येक नागरिक को तकलीफ होती है। इस बार तो हद तब कर दी जब उन्होंने धर्म और जाति को लेकर बयान दिया। इसके साथ आरक्षण खत्म करने की बात भी राहुल गांधी ने कही। गोठवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी चुनाव के समय आरक्षण की पक्षधर बनती है। सदैव आरक्षण की बात करती है, लेकिन जैसे ही चुनाव निकल जाते हैं, इनका असली चेहरा सामने आता है और ये आरक्षण को खत्म करने की बात करने लगते हैं। जब-जब भी राहुल गांधी विदेश जाकर स्टेटमेंट देते हैं तो हमेशा देश विरोधी ताकतों के साथ खड़े नजर आते हैं। गोठवाल ने कहा कि यह इस देश का दुर्भाग्य है कि कांग्रेस पार्टी के सबसे बड़े नेता देश की आलोचना करने में नंबर वन हैं। ऐसा लगता है कि इस पार्टी के नेता को विदेश में टीआरपी मिले इसलिए कुछ भी करने गुजरने के लिए तैयार हैं। विदेश के अखबार में छपने के लिए देश की आलोचना करने में भी यह लोग संकोच नहीं करते, इसलिए एससी-एसटी और आरक्षित वर्ग के लोगों ने आज राहुल गांधी का प्रदेश सहित जिला हेडक्वार्टर पर विरोध प्रकट किया है।

### माफी मांगें राहुल

एसटी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नारायण मीणा ने कहा कि जिस प्रकार से राहुल गांधी ने अमेरिका में कहा कि वो आरक्षण को समाप्त करने के बारे में सोचेंगे। राहुल गांधी को याद रखना होगा कि उनकी जब सरकार थी, तब पंडित नेहरू ने कहा था कि मैं सरकारी नौकरी में आरक्षण के खिलाफ हूं। इसका मतलब साफ है कि कांग्रेस शुरू से आरक्षण के पक्ष में नहीं है। कांग्रेस हमेशा बीजपी को आरक्षण समाप्त करने के नाम पर बदनाम करती है, जबकि मंशा स्वयं कांग्रेस की रही है कि एसटी-एससी के आरक्षण को समाप्त किया जाए, लेकिन इस देश की जनता अब सब समझ रही है, जो कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगी। मीणा ने कहा कि आरक्षित वर्ग को समान नागरिक बनाने की बात करने वाले राहुल गांधी से सवाल है कि आखिर 65 साल राज करने के दौरान आरक्षित समाज को आगे बढ़ाने का काम क्यों नहीं किया? राहुल गांधी के इस बयान की घोर निंदा करते हैं और उन्हें देश की जनता से माफी मांगने की मांग करते हैं।

---

**धीरज गुर्जर ने दी पुलिस को धमकी, बोले...**

# 'कार्यकर्ता की बाइक पकड़ी तो मेरा जूता बात करेगा, धरती में गाड़ दूंगा'

बेधड़क | जयपुर



शाहपुरा जिले की जहाजपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के टिकट पर चार में से तीन चुनाव हार चुके कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने भीलवाड़ा में वाहनों के नंबर प्लेट को लेकर पुलिस द्वारा की जा रही कार्रवाई के विरोध में धमकी दी है। उन्होंने कोटड़ी में आयोजित एक सभा में कहा कि पुलिस में अगर दम है तो गुर्जर लिखी गाड़ी पकड़े और थाने में डालें, मैं चैलेंज करता हूं ऐसा किया तो मेरा जूता बात करेगा।

धीरज गुर्जर के बयान पर शाहपुरा के पुलिस अधीक्षक राजेश कावट ने कहा कि पुलिस मोटर व्हीकल एक्ट में कार्रवाई करती है। हमें किसी जाति से लेना देना नहीं है। कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। दरअसल, भीलवाड़ा और शाहपुरा जिले की पुलिस वाहनों की नंबर प्लेट पर जातियां, उपजातियां या अन्य नाम लिखी गाड़ियों के खिलाफ विशेष अभियान चला रही है। इसे लेकर धीरज गुर्जर ने सार्वजनिक मंच से पुलिस को ही धमकी दे दी। धीरज गुर्जर को कुछ कार्यकर्ताओं ने शिकायत की थी कि पुलिस गुर्जर लिखी गाड़ियों को टारगेट कर रही है। उन्हें रोका जाता है।

धीरज गुर्जर बोले कि कोटडी, पारोली और आसपास के थानेदार कहते हैं कि मोटरसाइकिल के पीछे गुर्जर लिखा हुआ है। उसको थाने में बंद कर दो। उनको मैं चैलेंज कर रहा हूं कि अगर किसी कार्यकर्ता की मोटरसाइकिल को हाथ भी लगा लिया तो धीरज गुर्जर का जूता उनसे बात करेगा। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई मैं इसलिए नहीं लड़ रहा हूं कि लोग कहेंगे कि चुनाव हारने के बाद मैं अभी तक ठंडा नहीं हुआ हूं। उनको एक बात कह दूं, धीरज गुर्जर ने चुनाव हारने के बाद एक कदम पीछे लिया है, अगर मैंने जंप लगा लिया, तो धरती में गाड़ दूंगा। इस बात को ध्यान में रखना। गुर्जर ने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि चुनाव में मेरा भाग्य खराब था। नहीं पागल (गेलिया) का भाग्य अच्छा था। कभी-कभी भगवान पागल की भी झोली भर देते हैं। महात्मा गांधी ने कहा कि सांसद और विधायक तो परिस्थिति से बन जाते हैं, लेकिन नेता मेहनत से बनता है और मैं नेता हूं। पुलिस को दी गई धमकी के बारे में धीरज गुर्जर ने अपने बयान में कहा कि मैंने कोटडी की सभा में जो कुछ कहा, उस पर अभी भी कायम हूं।

---

**सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री ने दिए निर्देश**

# आधुनिकतम तकनीक और गुणवत्ता के साथ तैयार हों नागरिक केंद्रित सेवाएं

बेधड़क | जयपुर

सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने भामाशाह स्टेट डेटा सेंटर में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ गुरुवार को आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आधुनिकतम तकनीक अपनाकर प्रदेश के नागरिकों के हित में सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता के साथ सेवाएं तैयार करने के निर्देश दिए, जिससे राजस्थान सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बन सके।



सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री कर्नल राठौड़ ने कहा कि परिवेदनाओं के निस्तारण में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की भी मदद ली जाए जिससे आमजन को त्वरित रूप से राहत पहुंचाई जा सके। राजकिसान साथी परियोजना की समीक्षा करते हुए सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री ने कहा कि यह सुविधा इस तरह तैयार की जाए जिसमें प्रदेश का हर किसान पंजीकृत हो और उसे केंद्र सरकार की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ दिलवाया जा सके।

---

**9 मिलियन टन होगा वार्षिक उत्पादन**

# बाड़मेर: HPCL रिफाइनरी का 81% काम पूरा

बेधड़क | जयपुर

माइंस और पेट्रोलियम महकमे के प्रिंसिपल सेक्रेटरी टी. रविकांत ने गुरुवार को सचिवालय में रिफाइनरी के अधिकारियों के साथ एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी परियोजना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक की। उन्होंने बताया कि रिफाइनरी की 10 प्रोसेस इकाइयों का 90 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा हो चुका है, वहीं परियोजना क्षेत्र में करीब 81 प्रतिशत काम हो गया है। उन्होंने रिफाइनरी के शेष बकाया कार्यों के निष्पादन में तेजी लाने की आवश्यकता प्रतिपादित की। टी. रविकांत ने बताया कि राजस्थान रिफाइनरी राज्य की भजनलाल सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट है। इससे प्रदेश के औद्योगिक व आर्थिक विकास में चार चांद लग जाएंगे। एचपीसीएल और राजस्थान सरकार की संयुक्त उद्यम कंपनी एचपीसीएल राजस्थान रिफाइनरी लिमिटेड द्वारा पचपदरा (बाड़मेर) में 9 मिलियन टन वार्षिक क्षमता की बीएस-6 मानक की अत्याधुनिक राजस्थान रिफाइनरी के काम में तेजी आई है। उन्होंने बताया कि राजस्थान रिफाइनरी सह पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स से पेट्रो उत्पाद पेट्रोल व डीजल के अतिरिक्त पेट्रोकेमिकल उत्पाद पॉली प्रोपलीन, ब्यूटाडीन, एलएलडीपीई, एचडीपीई, बेंजीन और टोलूइन आदि सह उत्पाद के क्षेत्र में निवेश आएगा। इससे औद्योगिक निवेश के साथ ही रोजगार और राजस्व की बढ़ोतरी होगी।



---

**खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री का श्रीगंगानगर दौरा**

# अपात्र लोगों को खाद्य सुरक्षा योजना से करेंगे बाहर: सुमित गोदारा

बेधड़क | जयपुर

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग के कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा गुरुवार को श्रीगंगानगर प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। इसमें उन्होंने अधिकारियों से बजट घोषणाओं को त्वरित गति से क्रियान्वित करने के निर्देश दिए।

मंत्री गोदारा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि खाद्य सुरक्षा योजना में नए नाम जुड़ने की प्रक्रिया तेज की जाएगी। मंत्री ने कहा कि राज्य के खाद्य सुरक्षा पोर्टल पर अब तक करीब दस लाख नए नाम जोड़े गए हैं, जिससे इस योजना का दायरा और बढ़ा है। पोर्टल की क्षमता 4 करोड़ 66 लाख है और अब तक 4 करोड़ 44 लाख लोगों के नाम इसमें दर्ज हो चुके हैं। पिछले तीन महीनों में ही करीब 10 लाख नए नाम जुड़े हैं, जिसमें से 1.7 लाख विशेष योग्यजन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इस बार पहली बार राज्य में शादीशुदा महिलाओं और अवयस्क बच्चों के नाम भी इस सूची में जोड़े गए हैं।



### E-KYC अनिवार्य, अपात्र होंगे बाहर

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोदारा ने बताया कि अब तक 3 करोड़ 61 लाख लोगों ने ई-केवाईसी की प्रक्रिया पूरी कर ली है, जिन लोगों ने 31 अक्टूबर तक यह प्रक्रिया पूरी नहीं की, उन्हें योजना से बाहर कर दिया जाएगा और उन्हें फिर से नामांकन के लिए शुरू से आवेदन करना होगा। इसके अलावा, जिनके पास चार पहिया वाहन है, उन्हें भी योजना से अपात्र माना जाएगा। इस कदम से अपात्र लोगों की संख्या घटेगी और वास्तव में पात्र, जरूरतमंद लोग योजना का लाभ ले सकेंगे।

### नए जिलों पर जवाब देने से किया इनकार

अशोक गहलोत सरकार की ओर से घोषित नए जिलों के सवाल पर मंत्री सुमित गोदारा ने टिप्पणी करने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि यह मामला उनकी जिम्मेदारी में नहीं आता है और वे उस समिति का हिस्सा भी नहीं हैं, इसलिए इस विषय पर कुछ भी कहने की स्थिति में नहीं हैं। इस दौरे के दौरान मंत्री गोदारा ने योजनाओं के सही कार्यान्वयन और पात्र लोगों को लाभ दिलाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि वे इलाके में बारिश से हुए नुकसान का भी जायजा लेंगे। इसके साथ साथ बजट घोषणाओं की समीक्षा भी करेंगे।

### मंत्री ने जनसुनवाई कर दिए निर्देश



खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग तथा उपभोक्ता मामले विभाग के मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री सुमित गोदारा ने गुरुवार को श्रीगंगानगर जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने परिवादियों की समस्याओं को सुनकर मौके पर अधिकारियों को उनके निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि अधिकारी राज्य सरकार की मंशा के अनुसार आमजन की समस्याओं को हल करें। राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि आमजन को योजनाओं का लाभ मिलने के साथ-साथ उनकी समस्याओं का भी समाधान किया जाए। समस्या समाधान के लिए आमजन को परेशान नहीं होना पड़े। इस दौरान बिजली, पानी, सड़क, अतिक्रमण, सिंचाई, स्वास्थ्य सहित विभिन्न समस्याओं से संबंधित प्रकरण आए। जिला प्रभारी मंत्री ने समस्त प्रकरणों में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए परिवादियों को राहत पहुंचाने के निर्देश जिला स्तरीय अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के दौरान जो प्रकरण प्राप्त हुए हैं, अधिकारी उनका उचित समाधान करें।

## जरूरी खबर

### पैचवर्क प्राथमिकता से कराएगा हेरिटेज नगर निगम



**जयपुर**। नगर निगम हेरिटेज जयपुर क्षेत्र में बारिश से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों का पैचवर्क कार्य प्राथमिकता से किया जाएगा। हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर हेरिटेज निगम के अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रवन कुमार वर्मा ने इस संबंध में गुरुवार को निगम के अधीक्षण अभियंता और अधिशाषी अभियंता के साथ आपात बैठक की। इस दौरान निगम क्षेत्र में जिन सड़कों पर यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है, उन सड़कों को तुरंत प्रभाव से पैचवर्क कराकर ठीक करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए निगम के इंजीनियर क्षेत्र में लगातार निरीक्षण करेंगे, जहां भी क्षतिग्रस्त सड़क मिलेंगी, वहां तुरंत सड़क ठीक की जाएगी। साथ ही निर्देश दिए कि आमजन की ओर से शिकायत को गंभीरता से लिया जाए और तुरंत राहत प्रदान की जाए।

### 19 हजार रुपए कैरिंग चार्ज वसूला, 27 किलो प्लास्टिक जब्त

**जयपुर**। हेरिटेज नगर निगम की स्वास्थ्य शाखा ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 19200 रुपए का कैरिंग चार्ज वसूल किया है। इस संबंध में उपायुक्त स्वास्थ्य दिलीप पूनिया ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक रखने वाले और गंदगी करने वालों के खिलाफ शाखा लगातार कार्रवाई कर रही है। इसमें सीएसआई टीम ने 3200 रुपए, चालान प्रकोष्ठ ने 16000 रुपए और 27 किलो प्लास्टिक भी जब्त की है। उपायुक्त पूनिया ने बताया कि प्लास्टिक प्रकृति और मानव के लिए हानिकारक है। आमजन को इसके बजाए कपड़े या जूट का बैग उपयोग में लेना चाहिए। प्लास्टिक के कई हानिकारक दुष्प्रभाव हैं। हेरिटेज निगम के द्वारा बाजारों में जाकर समझाइश भी की जा रही है।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

जेडीसी ने अधिकारियों की बैठक ली, तय समय में काम पूरा करने के दिए निर्देश

# दीपावली से पहले ही जेडीए सुधारेगा बारिश में टूटी सड़कें

**बेधड़क** | जयपुर

बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों को जयपुर विकास प्राधिकरण दीपावली से पहले चमकाएगा। खास बात यह है कि इस दौरान जयपुर में राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट- 2024 के आयोजन की भी संभावना है। इसी को ध्यान में रखकर जेडीसी ने गुरुवार को अधिकारियों की बैठक ली और सड़कों को तय समय और गुणवत्तापूर्ण तरीके से सहीं करने के निर्देश दिए। जेडीसी आनन्दी ने जेडीए में अभियांत्रिकी शाखा के आला अधिकारियों के साथ राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट - 2024 एवं आमजन की परेशानियों को ध्यान में रखकर जयपुर शहर में वर्षा एवं अन्य कारणों से क्षतिग्रस्त सडकों के संबंध में बैठक ली। जेडीसी द्वारा वर्षा एवं अन्य कारणों से क्षतिग्रस्त सडकों के पेच रिपेयर, मरम्मतीकरण, सुदृढीकरण एवं सुधारीकरण आदि कार्यो के लिए संबंधित अभियंताओं को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में वर्षा उपरान्त फील्ड में रहकर निरंतर मॉनिटरिंग के साथ कार्य प्राथमिकता एवं गुणवत्तापूर्ण रूप से तय समय सीमा में दीपावली से पूर्व करवाने के सख्त निर्देश दिए हैं।

### चल रहा है मरम्मत का कार्य

जेडीसी ने बताया कि जेडीए द्वारा आमजन की सुविधार्थ अभियान चलाकर सडकों को दुरुस्त करने का कार्य निरंतर किया जा रहा है। जेडीए जयपुर शहर के चौतरफा विकास के लिए प्रतिबद्ध है एवं जयपुरवासियों को बेहतर सडकें एवं सुविधाएं उपलब्ध करवाने का कार्य करवाया जा रहा है। बैठक में निदेशक अभियांत्रिकी प्रथम एवं द्वितीय, समस्त अतिरिक्त मुख्य अभियंता, संबंधित अधीक्षण अभियंता, संबंधित अधिशाषी अभियंता एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।




### क्वालिटी और टाइम लाइन पर फोकस करें

जेडीसी ने अभियंताओं का सख्त निर्देश दिए कि सडक नवीनीकरण एवं सुदृढीकरण के समय क्वालिटी और टाइम लाइन पर विशेष फोकस करें। बैठक में बताया गया कि जयपुर शहर में विभिन्न स्थानों के लिए 26.00 करोड़, राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट - 2024 के लिए 16.00 करोड़, विद्याधर नगर क्षेत्र (राव शेखाजी आरओबी से सी-जोन बाईपास तक) के लिए 28 करोड़ एवं सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में 100 करोड़ रुपये पेच रिपेयर, सडक मरम्मतीकरण और नवीनीकरण सहित अन्य कार्य के लिए स्वीकृत किए गए है।

सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र का मामला, विधायक का आरोप-यह गोहत्या

# बेसमेंट में मृत मिला गोवंश... हंगामा नगर निगम ने तोड़ा अवैध निर्माण



### गोवंश की हत्या करने वालों को नहीं छोड़ा जाएगा: शर्मा


क्षेत्रीय विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि नियमों के विपरीत निर्माण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगर निगम की टीम इसे जल्द ध्वस्त करेगी। इसके साथ ही गोवंश की हत्या करने वाले लोगों को भी नहीं छोड़ा जाएगा। बेसमेंट के टैंक में गोवंश का पहुंचना नामुमकिन है। ऐसे में जो भी लोग इसके लिए जिम्मेदार हैं। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसकी शुरुआत पुलिस प्रशासन ने शुरू कर दी है।

**बेधड़क** | जयपुर

सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र के राकड़ी इलाके के वार्ड 43 में शाम 4 बजे एक निर्माणाधीन बिल्डिंग के बेसमेंट के टैंक में मृत गोवंश मिलने पर लोगों ने बिल्डिंग मालिक और नगर निगम के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए हंगामा कर दिया। मौके पर पहुंचे सिविल लाइंस विधायक ने गो-हत्या का आरोप लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इसके बाद निगम अधिकारियों ने अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई शुरू कर दी है। शुरुआत में तीन मंजिला इमारत के ग्राउंड फ्लोर की सीढ़ियां तोड़ी जा रही हैं। ये सीढ़ियां बेसमेंट की तरफ जाती हैं। हालांकि अंधेरा ज्यादा होने पर रात को कार्रवाई रोक दी गई।

### लोगों का आरोप-बिल्डिंग का निर्माण अवैध

लोगों का कहना है कि शिव कॉलोनी, राकड़ी (सोडाला) में कई दिनों से तीन मंजिला बिल्डिंग का अवैध निर्माण किया जा रहा है। इसकी शिकायत जब नगर निगम प्रशासन से की तो कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस बिल्डिंग से भयंकर बदबू आ रही थी। जाकर देखा तो बेसमेंट में बने टैंक में गोवंश का मुंह नजर आया। इसके बाद गुरुवार शाम निगम प्रशासन और जयपुर नगर निगम हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर के खिलाफ धरना शुरू कर दिया। लोगों का बढ़ता विरोध देख नगर निगम की टीम भी मौके पर पहुंची और निर्माणाधीन बिल्डिंग को सीज कर दिया। वार्ड 43 से मेयर मुनेश गुर्जर खुद पार्षद हैं।



किडनैपर ने डेढ़ लाख रुपए की फिरौती मांगी, पुलिस ने सुरक्षित छुड़वाया

# विवाद जिससे था, भाग गया तो उसके नाबालिग दोस्त को उठा ले गए

**बेधड़क** | जयपुर

रुपयों के लेन देन को लेकर विवाद उसके दोस्त से था, वह भाग गया तो ऑटो रिक्शा में सवार होकर आए बदमाश मारपीट कर एक स्कूल स्टूडेंट को उठाकर ले गए। किडनैपर ने स्टूडेंट के घरवालों को कॉल कर डेढ़ लाख रुपए की फिरौती भी मांगी। किडनैपिंग का यह मामला राजापार्क का है। आदर्श नगर थाना पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर किडनैप किए गए स्कूल स्टूडेंट को सुरक्षित छुड़वा लिया, लेकिन आरोपी भाग छूटे। एसएचओ आदर्श नगर सुभाष चन्द ने बताया कि खोह नागोरियान निवासी एक विवाहिता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। महिला ने बताया कि उनका 17 साल का भाई 12वीं क्लास में पढ़ता है। बुधवार सुबह करीब 7:30 बजे स्कूल गया था। दोपहर को घर नहीं लौटने पर उसे कॉल किया। तब उसने दोस्तों के साथ राजापार्क में होना बताया। शाम को बदमाशों ने परिजनों को फोन कर भाई को छोड़ने के बदले 1.50 लाख रुपए की फिरौती मांगी। तब पता चला कि भाई का किडनैप हो गया।

### पुलिस पहुंची तो छोड़ भागे बदमाश

एसएचओ सुभाष ने बताया कि पुलिस टीमों का गठन कर बदमाशों की धड़-पकड़ के लिए भेजा गया। मोबाइल लोकेशन के आधार नाबालिग को आमेर स्थित नाई की थड़ी से सुरक्षित छुड़वाया गया। पुलिस के पहुंचने से पहले ही किडनैपर्स मौके से भाग चुके थे।

### किडनैपिंग में शामिल बदमाश की पहचान

नाबालिग स्टूडेंट से पूछताछ में सामने आया है कि वह राजापार्क में दोस्त के साथ दुकान पर बैठकर चाय पी रहा था। किडनैप करने वाले लड़कों और उसके दोस्त का करीब डेढ़ लाख रुपए का लेन-देन का विवाद चल रहा है। चाय पीते समय ऑटो रिक्शा लेकर तीन-चार लड़के आए। उन्हें देखकर दोस्त छोड़कर वहां से भाग निकला। पीछा करने के बाद भी दोस्त हाथ नहीं आया तो वह उसे जबरन ऑटोरिक्शा में मारपीट कर धमकाकर किडनैप कर ले गए। पुलिस ने किडनैपिंग में शामिल बदमाश की पहचान कर ली है।

हेरिटेज निगम की पशु प्रबंधन शाखा की बड़ी कार्रवाई

## 13 अवैध दुकानें सीज, 250 किलो मीट जब्त

**बेधड़क** | जयपुर

नगर निगम हेरिटेज की पशु प्रबंधन शाखा ने गुरुवार को मीट की अवैध दुकानों पर कार्रवाई करते हुए 13 दुकानों को सीज कर दिया, साथ ही 40 हजार का जुर्माना भी वसूल किया है। कार्रवाई के संबंध में पशु प्रबंधन शाखा उपायुक्त राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि शाखा को लगातार बिना लाइसेंस और खुले में मांस बेचने की शिकायतें आ रही थी। इस पर शाखा के दस्ते ने रामगंज, घोड़ा निकास रोड, हांडीपुरा, चार दरवाजा इलाके में चल रही मीट की दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान 13 दुकानों पर अनियमितताएं पाई गई। इस पर टीम ने कार्रवाई करते हुए 13 दुकानों को सीज कर दिया और करीब 250 किलो अवैध मीट को जब्त किया है। वहीं, खुले में मांस बेचने पर 40 हजार रुपए का जुर्माना भी वसूल किया। उपायुक्त राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर निगम क्षेत्र में लगातार निरीक्षण किया जा रहा है।





मेयर की बढ़ी परेशानी, एक दिन पहले DLB ने लिया था एक्शन

## अब मुनेश गुर्जर को एसीबी ने दिया नोटिस

**बेधड़क** | जयपुर

नगर निगम हेरिटेज मेयर मुनेश गुर्जर की परेशानी कम होने का नाम ही नहीं ले रही है। बुधवार को डीएलबी ने नोटिस जारी किया था, अब गुरुवार को एसीबी ने मेयर को नोटिस जारी किया है। इस नोटिस में 19 सितंबर को कोर्ट में पेश होने के लिए कहा गया है। दरअसल, नगर निगम ऑफिस में मुनेश गुर्जर के नाम नोटिस जारी किया गया। इसमें लिखा- भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत अपराध प्रमाणित पाया गया है। इसके बाद स्वायत्त शासन विभाग द्वारा आपके खिलाफ अभियोजन स्वीकृति मिली है। हाई कोर्ट ने भी आपके खिलाफ दो सप्ताह (19 सितंबर तक) में चालान पेश करने के आदेश जारी कर रखे हैं। ऐसे में आपको 19 सितंबर सुबह 10 बजे न्यायालय में पहुंचने के लिए पाबंद किया जाता है। दरअसल, मुनेश गुर्जर के खिलाफ अभियोजन की मंजूरी देने को रिकॉर्ड पर लेते हुए दो सप्ताह बाद सुनवाई होनी है। सोमवार को जस्टिस एनएस ढड्डा ने यह निर्देश सुधांशु सिंह ढिल्लन की याचिका पर दिया था। इसके बाद डीएलबी ने एक्शन लेते हुए बुधवार को नोटिस जारी किया था। नोटिस में डीएलबी ने मुनेश पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप पर जवाब मांगा है। इसके लिए तीन दिन का समय दिया था। ऐसे में ये माना जा रहा है कि इसके बाद बड़ा एक्शन हो सकता है।



कोलकाता की घटना के बाद की गई थी सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की मांग

# ATS ने लिया SMS हॉस्पिटल के सुरक्षा इंतजामों का जायजा

**बेधड़क** | जयपुर

कोलकता के हॉस्पिटल में दुष्कर्म व हत्या की घटना के बाद एटीएस ने सवाई मानसिंह (एसएमएस) हॉस्पिटल में सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एटीएस के अधिकारियों ने हॉस्पिटल में भी सुरक्षा को लेकर हॉस्पिटल प्रशासन के सामने सवाल उठाए है। एसएमएस हॉस्पिटल में भी आठ साल पहले एक मासूम के साथ दुष्कर्म की घटना हुई थी। कोलकाता घटना के बाद एसएमएस हॉस्पिटल प्रशासन ने भी सुरक्षा एजेंसी से यहां की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करवाने की मांग की थी। इसके बाद एटीएस की टीम ने हॉस्पिटल का निरीक्षण किया और यहां के मौजूदा सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया, ताकि भविष्य की संभावित आपात स्थिति से निपटा जा सकें। हॉस्पिटल प्रशासन की ओर से सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ करने के लिए एटीएस टीम की मदद ली जा रही है। जिससे यह सुनिश्चित किया जा सकें कि अस्पताल में मरीजों, कर्मचारियों और अन्य व्यक्तियों की सुरक्षा में कोई कमी न रहे।




### एंट्री व एग्जिट प्वाइंट पर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती बढ़ेगी

सुरक्षा के दृष्टिकोण से हॉस्पिटल परिसर में नियमित निगरानी की जाएगी और हॉस्पिटल की हर एंट्री व एग्जिट प्वाइंट पर सुरक्षा कर्मियों की तैनाती बढ़ाई जाएगी। इसके अलावा, संभावित आपातकालीन स्थितियों के लिए तैयारियों को मजबूत करने के लिए एक मॉक ड्रिल का आयोजन भी किया जाएगा। इसमें अस्पताल प्रशासन, सुरक्षा कर्मी और एटीएस की टीम मिलकर अस्पताल की सुरक्षा का परीक्षण करेंगे। इसका मुख्य उद्देश्य आपात स्थिति में सुरक्षा तंत्र की क्षमता को परखना और उसे और प्रभावी बनाना है।

### ढाई हजार से ज्यादा लोग मौजूद रहते हैं

एसएमएस हॉस्पिटल में वर्तमान में 2 हजार से ज्यादा बैड की क्षमता है। इस परिसर में स्टाफ, सुरक्षा गार्ड, मरीज और उनके परिजनों समेत अन्य करीब ढ़ाई हजार से ज्यादा लोग हर समय मौजूद रहते है। इसके अलावा यहां हर समय कोई न कोई वीआईपी भी ट्रीटमेंट के लिए आता रहता है।

## आज निकाली जाएगी वीर तेजाजी की ध्वज यात्रा



**बेधड़क** | जयपुर

सोडाला स्थित प्राचीन श्री वीर तेजाजी महाराज मंदिर पर तेजा दशमी को मेला लगेगा। इसको लेकर शुक्रवार शाम लवाजमे के साथ वीर तेजाजी महाराज की ध्वज यात्रा निकाली जाएगी। गुरुवार को ध्वज यात्रा के पोस्टर का विमोचन किया गया। इस दौरान सिविल लाइन्स जयपुर मंडल के भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष गौरव गुर्जर, भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष मोहन लाल गुर्जर, मंदिर पुजारी मूलचंद शर्मा, राजस्थान माली समाज महासचिव संजय सैनी, भाजपा खेल प्रकोष्ठ जिला मंत्री लक्ष्मण सिंह, सिविल लाइन्स मंडल मंत्री प्रमोद भारद्वाज, मुकेश गुर्जर, अविनाश, राहुल, गोकुल पचारिया सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## जरूरी खबर

### अवैध डोडा चूरा पकड़ा, ट्रक चालक सहित दो गिरफ्तार



**डूंगरपुर।** जिले की बिछीवाड़ा थाने की रतनपुर पुलिस चौकी ने 2.80 लाख रुपए के अवैध डोडाचूरा से भरा एक ट्रक पकड़ा है। ट्रक से 87 किलो से ज्यादा अवैध डोडाचूरा बरामद किया है। इस डोडाचूरा को तस्करी कर गुजरात ले जाया जा रहा था। पुलिस ने चालक सहित 2 तस्करों को गिरफ्तार किया है। डूंगरपुर एसपी मोनिका सेन ने बताया कि नाकाबंदी के दौरान उदयपुर की ओर से आ रहे एक ट्रक को रूकवारकर तलाशी पर यह सामान बरामद हुआ।

### मॉनिटरिंग अधिकारियों की बैठक आयोजित

**अजमेर।** अजमेर विद्युत वितरण निगम लि. के पंचशील स्थित मुख्यालय में प्रबंध निदेशक के.पी. वर्मा की अध्यक्षता में मॉनिटरिंग अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मोनिटरिंग अधिकारियों द्वारा किए जाने वाले कार्यों या प्रमुख गतिविधियों की समीक्षा के साथ-साथ पिछले निर्देशों के अनुपालना की समीक्षा की गई। बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान मुख्य लेखाधिकारी बीएल शर्मा, मुख्य अभियंता एम एल मीणा प्रबंध निदेशक के.पी वर्मा ने बताया कि मीटिंग का उद्देश्य, कार्यों की समीक्षा और डाटा प्रेजेंटेशन बारे में जानकारी लेकर दिशा-निर्देश दिए।

### युवक की मौत पर बवाल, लोगों ने लगाया जाम



**झालावाड़।** खानपुर हाईवे पर बीते दिनों सारोला खुर्द के पास सड़क हादसे में घायल युवक नरोत्तम नागर की इलाज के दौरान मौत होने का मामला सामने आया था। इसके बाद अब मामले में मृतक के परिजनों व धाकड़ समाज के युवकों ने पुलिस कार्रवाई पर असंतोष जताया और गुरुवार को खानपुर के मिनी सचिवालय पर प्रदर्शन किया। युवाओं ने कुछ देर के लिए मेगा हाईवे पर भी जाम लगा दिया। बाद में एसडीएम श्याम सुंदर चेतीवाल के पहुंचने पर लोगों ने रोड से जाम हटा लिया। मृत युवक के परिजन योगेंद्र नागर ने आरोप लगाया कि नरोत्तम नागर के शरीर पर चोट और घाव के निशान देखकर नहीं लगता कि उनकी दुर्घटना में मौत हुई है।

### जिले के खरनाल में आज भरेगा तेजाजी का बड़ा मेला, उपराष्ट्रपति भी आएंगे

# एसपी ने 20 किमी तक दौड़ लगाकर देखीं मेले की व्यवस्थाएं

**बेधड़क | नागौर**

जिले के खरनाल में तेजाजी का मेला और राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के शुक्रवार को दौरे को देखते हुए नागौर जिला पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस ने गुरुवार को नागौर से खरनाल तक 20 किलोमीटर तक दौड़ लगाई। उनके साथ पुलिस के कई अधिकारी-कर्मचारी भी दौड़े। पीछे-पीछे गाड़ियों का काफिला भी चला। दरअसल शुक्रवार को को तेजा दशमी और नागौर जिले के खरनाल में तेजाजी का मेला भरेगा। इसके साथ ही उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का दौरा भी प्रस्तावित है। ऐसे में व्यवस्थाओं का जायजा लेने



के लिए पुलिस अधीक्षक नारायण टोगस ने गुरुवार सुबह 5.30 नागौर जिला स्टेडियम से दौड़ शुरू की।

एसपी के साथ एएसपी सुमित कुमार और नूर मोहम्मद, डीएसपी रामप्रताप विश्नोई और महिला-पुरुष पुलिसकर्मी व अन्य युवा थे। दौड़ के दौरान किसी भी साथी की तबीयत नहीं बिगड़ी। 20-25 साथियों के साथ दौड़ लगाते हुए एसपी 68 मिनट में सुबह 6.43 बजे खरनाल पहुंच गए। उन्होंने सुबह 6:48 बजे तेजाजी मंदिर पहुंचकर दर्शन किए। इसके बाद मंदिर परिसर में पौधा लगाया। यहां 13 सितंबर को भरने वाले तेजाजी मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही उप राष्ट्रपति के दौरे की रूट लाइनिंग और अन्य पुलिस तैनाती का जायजा लिया। सुबह 8.30 बजे एसपी समेत सभी अधिकारी कर्मचारी अपने-अपने वाहनों से नागौर लौट आए।

### एसपी ने दौड़ते हुए साथियों को दिए हेल्थ टिप्स

नागौर से खरनाल तक गुरुवार अलसुबह सड़क पर लाल-नीली बत्ती लगी गाड़ियों का काफिला देख राहगीर ठिठक गए। आगे-आगे जिला पुलिस अधीक्षक को दौड़ते देखा तो सबने उनके इस काम की तारीफ की। दौड़ के दौरान एंबुलेंस और अफसरों की गाड़ियों का काफिला भी रहा। एक बाइक सवार पुलिसकर्मी आगे बाइक पर तिरंगे लगाकर चला। दौड़ते हुए एसपी ने साथियों को हेल्थ टिप्स भी दिए और कहा कि इतनी लंबी दौड़ में बीच-बीच में पानी पीना चाहिए, ताकि ऑक्सीजन की कमी न आए। साथ दौड़ने वाले अधिकारी-कर्मचारी बोले कि वे मोटिवेट हुए और दैनिक जीवन में दौड़ व व्यायाम को शामिल करने की बात कही।

### तेजा दशमी महोत्सव व किसान सम्मेलन आज

**चित्तौड़गढ़।** चित्तौड़गढ़ में जिला जाट समाज संस्थान की ओर से लोक देवता वीर तेजाजी के जन्मोत्सव पर तेजा दशमी महोत्सव और किसान सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसमें केंद्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी और प्रदेश के यूडीएच मंत्री झाबरसिंह खर्रा, सहकारिता मंत्री गौतम दक के भी पहुंचने की संभावना है। जाट सेवा संस्थान के अध्यक्ष मिट्ठूलाल जाट ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी जाट समाज की ओर से लोक देवता वीर तेजाजी का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। तेजा दशमी के अवसर पर कई कार्यक्रम का आयोजन जाट छात्रावास में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष तेजा दशमी महोत्सव और विशाल किसान सम्मेलन में केंद्रीय कृषि मंत्री भागीरथ चौधरी, राजस्थान सरकार के यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, सहकारिता मंत्री गौतम दक, पूर्व मंत्री श्रीचंद्र कृपलानी सहित जिले के समस्त विधायक और बड़ी संख्या में किसान शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि भीलवाड़ा रोड स्थित इंदिरा गांधी स्टेडियम से एक विशाल शोभायात्रा प्रारंभ होगी, जो की विभिन्न मार्गों से होती हुई दोपहर करीब 1 बजे सेंथी स्थित जाट छात्रावास पहुंचेगी। यहां पर एक विशाल किसान सम्मेलन का आयोजन होगा। इस सम्मेलन में 5 से 10 हजार लोगों के पहुंचने की संभावना है। कार्यक्रम को लेकर करीब 11 क्विंटल हलवे का प्रसाद तैयार किया गया है।

### अजमेर शहर में बारिश से लोगों की जिंदगियां हो रही प्रभावित

# बारिश से झीलें उफान पर कॉलोनियां हो रही जलमग्न

**बेधड़क | अजमेर**

अजमेर में झीलों का पानी तबाही बनकर लोगों की जिंदगी प्रभावित कर रहा है। शहर में बरसात से ज्यादा फॉयसागर और आनासागर झील का ओवरफ्लो पानी तबाही मचा रहा है। यह पानी गलियों में घुस गया है। इस मुसीबत का कारण आना सागर झील के दायरे को कम करने के कारण सामने आई है। स्मार्ट सिटी के नाम पर झील के चारों ओर पाथवे और सेवन वंडर बनाया गया है। इससे झील की सौंदर्यता तो बढ़ गई, लेकिन झील का दायरा घटना से पानी की भराव क्षमता कम हो गई है।

दो दशक पहले तक आनासागर झील की भराव क्षमता 16 फिट थी, जो वर्तमान में 13 फिट है। आनासागर झील में डेढ़ फिट के लगभग ओवरफ्लो पानी है। इसे आनासागर के एस्केप चैनल के माध्यम से निकाला जा रहा है। यह पानी नालियों के जरिये पानी रिहायशी क्षेत्रों में घुस गया है। कई गलियां टापू बनी हुई है। जलभराव के कारण फॉयसागर रोड पर 1 दर्जन, वैशाली नगर में आधा दर्जन और दक्षिण क्षेत्र में भी आधा दर्जन कॉलोनियों में जलभराव की समस्या से लोग जूझ रहे हैं। वहीं, अजमेर उत्तर से विधायक वासुदेव देवनानी ने कहा कि सिंचाई विभाग से जल भराव की समस्या को लेकर चर्चा की गई है।





### प्रशासन ने पहले की घटना से नहीं लिया था सबक

2 वर्ष पहले भी आनासागर झील का ओवरफ्लो हो गया था। तब भी पानी ने कॉलोनियों में तबाही मचाई थी, लेकिन प्रशासन ने उस घटना से भी कोई सबक नहीं लिया। फॉयसागर झील का ओवरफ्लो पानी बांडी नदी के माध्यम से होता हुआ आनासागर झील में आता है। इसी तरह चौरसियावास तालाब का ओवरफ्लो पानी आना सागर झील में आता है। बांडी नदी के आसपास कई कालोनियां अवैध तरीके से बस गई हैं। लिहाजा, अब इन कॉलोनियों में ओवरफ्लो पानी घुस रहा है।

### झीलों में अतिक्रमण से बिगड़े हालात

आना सागर झील क्षेत्र में दर्जनों कालोनियां बस गई। विगत 50 वर्षों में झीलों का दायरा घटकर 60 प्रतिशत रह गया है। झील क्षेत्र में काश्तकारों ने अपने खेत बेच दिए और भू माफियाओं ने यहां कई कॉलोनियां काट दी। स्वयं सरकारी संस्था हाउसिंग बोर्ड ने सबसे पहले झील क्षेत्र में कॉलोनी बसाई। इसके बाद तो यहां दर्जनों कालोनियां में हजारों मकान बन गए। इसके चलते झील में जल भराव की क्षमता कम हो गई। इस कारण ओवरफ्लो पानी डूब क्षेत्र में बसी कॉलोनी में घुसकर तबाही मचा रहा है।

### निकासी के लिए एस्केप चैनल एक मात्र विकल्प

शहर के बीचों बीच आना सागर झील से ओवरफ्लो पानी निकालने के लिए आनासागर एस्केप चैनल की व्यवस्था अंग्रेजों के समय से है, लेकिन वक़्त के साथ घरों से निकलने वाला पानी भी नालियों के जरिए एस्केप चैनल में डाला जाने लगा। ऐसे में आनासागर झील का पानी एस्केप चैनल में छोड़े जाने पर चैनल एक माह से उफान पर है। अजमेर में ब्रह्मपुरी क्षेत्र से आनासागर झील का एस्केप चैनल होकर गुजर रहा है। ब्रह्मपुरी में दोनों ओर की गलियों में एक-दो फीट पानी भरा हुआ है। इन गलियों में पानी भरने का कारण बरसात नहीं है, बल्कि एस्केप चैनल में आ रहा ओवरफ्लो पानी है।

### भविष्य में जल निकासी की व्यवस्था को बनाएंगे सुदृढ़ : देवनानी

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष और अजमेर उत्तर से विधायक वासुदेव देवनानी ने कहा कि सिंचाई विभाग से जल भराव की समस्या को लेकर चर्चा की गई है। भविष्य में जल बहाव की समस्या ना हो इसके लिए सुदृढ कार्य योजना बनाई जाने को लेकर चर्चा अधिकारियों के साथ की गई है।

### धीरेंद्र शास्त्री और रामदेव रैवासा पहुंचे

## धर्म विरोधियों की छंटनी होगी: धीरेंद्र शास्त्री




**बेधड़क | सीकर**

बागेश्वर धाम के प्रमुख पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि राजस्थान में अब सनातन का पताका तेजी से फहराएगा। धर्म विरोधियों की छंटनी होगी और हिंदू समाज एकजुट होगा। उन्होंने कहा कि जिस दिन हम जात-पात, भेदभाव को त्यागकर एक होंगे उसे दिन हमारा हिंदू राष्ट्र हो जाएगा। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि राघवाचार्य जी महाराज मुझे बब्बर शेर कहते थे।

दरअसल, पंडित धीरेंद्र शास्त्री व योग गुरु बाबा रामदेव गुरुवार को सीकर के रैवासा धाम में पीठाधीश्वर राघवाचार्य महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित करने आए थे। इस दौरान हवा महल विधायक व महंत बालमुकुंदाचार्य, राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी सहित अनेक महंत मौजूद थे। योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा कि पीठाधीश्वर राघवाचार्य महाराज ने देवलोकगमन से तीन दिन पहले राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी को वसीयतनामा सौंप दिया था। जिसमें राघवाचार्य महाराज ने रैवासा पीठ का उत्तराधिकारी मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्रदास देवाचार्य महाराज को बनाया था। इस बात का पता राजेंद्रदास महाराज को भी नहीं था। अब राजेंद्रदास महाराज ने इस पीठ को स्वीकार किया है। यह क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। स्वामी रामदेव ने कहा कि रैवासा पीठ राजस्थान की ही नहीं देश की प्रमुख पीठों में से एक है। योग गुरु स्वामी रामदेव ने मंदिर में भजन भी गाए और भक्तों से मारवाड़ी में बात की। इससे पहले राजेंद्रदास महाराज ने पंडित धीरेंद्र शास्त्री व बाबा रामदेव को रैवासा धाम का निरीक्षण कराया और यहां के मंदिरों के बारे में जानकारी दी। राघवाचार्य को पुष्प अर्पित करने के बाद बाबा रामदेव और धीरेंद्र शास्त्री ने 30 मिनट तक बंद कमरे में राजेंद्रदास महाराज के साथ वार्ता की। 14 व 15 सितंबर रैवासा धाम में उत्तराधिकारी राजेंद्रदास महाराज के ताजपोशी का कार्यक्रम होगा। जिसके बाद राजेंद्रदास महाराज रैवासा पीठ के 18 वें पीठाधीश्वर बन जाएंगे। 2 दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में देशभर से संत व सन्यासी शामिल होंगे।

## भैंसासुर नदी में उफान के चलते ट्रॉली में कराना पड़ा प्रसव

**बारां।** जिले में भारी बारिश का बुधवार से ही जारी है। जिले में 2 से लेकर साढ़े चार इंच तक बारिश बीते 24 घंटे में हुई। इसके चलते बारां जिले की अधिकांश नदियां उफान पर हैं। कई कस्बों और गांवों की निचली बस्तियों में पानी भर गया है। शाहबाद इलाके में पलको नदी भी उफान पर है, जिससे नदी का पानी देवरी गांव में प्रवेश कर गया। पलको नदी के तालाब की पाल बीते महीने 18 अगस्त को टूट गई थी। इसके चलते तालाब में पानी नहीं रुक पा रहा है। दूसरी तरफ केलवाड़ा अस्पताल में प्रसव कराने के लिए आ रही एक गर्भवती भी भैंसासुर नदी में उफान के चलते केलवाड़ा नहीं पहुंच पाई। उसको असहनीय दर्द हुआ और ट्रैक्टर-ट्रॉली में ही उसका प्रसव कराया गया। सूचना मिलने पर एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और प्रसूता व नवजात को नाव के सहारे केलवाड़ा के किनारे तक ले जाया गया। फिर केलवाड़ा अस्पताल



में भर्ती कराया गया। अब प्रसूता और नवजात दोनों स्वस्थ हैं। इधर, जिले के प्रभारी मंत्री देवाराम ओटासी, किशनगंज विधायक ललित मीणा सहित आला प्रशासनिक अधिकारी शाहबाद क्षेत्र का दौरा करने पहुंचे। हालांकि ये नेता भी देवरी नहीं जा पाए।

### परवन नदी भी उफान पर

बारां-झालावाड़ मेगा हाईवे पर परवन नदी की पुलिया पर पानी आ जाने के चलते मार्ग अवरुद्ध हो गया। इसके चलते दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई। वहीं, बारां से झालावाड़ आने जाने वाली रोडवेज की बसें भी संचालित नहीं हो पाई। कुछ बसें नदी तक पहुंच गई थी, लेकिन वहां से उन्हें बैरंग वापस लौटना पड़ा है। मध्य प्रदेश और हाड़ौती के झालावाड़-बारां में हुई तेज बारिश के चलते ही परवन नदी उफान पर आई है। ऐसे में यातायात अवरुद्ध होने के चलते लोगों को खासी परेशानी हुई है। अधिकांश लोग बदले हुए रूट से ही यात्रा करने को मजबूर हैं।

## पिता ने बेटी का गला रेता

**बेधड़क | बहरोड़**

कोटपूतली-बहरोड़ जिले के बर्डोद में गुरुवार को दिल दहलाने वाली घटना सामने आई। यहां के पिता ने पिता ने चाकू से 12 साल की बेटी का गला काटकर हत्या कर दी। इसके बाद खुद ने ट्रक के आगे कूदकर सुसाइड करने की कोशिश की। बच्ची पिता और दादी के साथ रहती थी। बहरोड़ सदर थाना अधिकारी अमित कुमार ने बताया कि सुबह 10:30 बजे सूचना मिली कि बहरोड़ से 7 किलोमीटर दूर बर्डोद गांव में नरेंद्र जाट (33) ने बेटी विनीता (12) की गला रेत कर हत्या कर दी। इसके बाद नरेंद्र ने घर के सामने ही ट्रक के आगे कूदकर जान देने की कोशिश की। ट्रक की स्पीड धीमे होने से वह बच गया। बहरोड़ के सरकारी अस्पताल की मॉर्च्युरी में पोस्टमॉर्टम के बाद बच्ची का शव मां को सौंप दिया है। मामले में बच्ची की मां सुमन (30) ने कहना है कि मेरी 13 साल पहले बर्डोद निवासी नरेंद्र जाट के साथ शादी हुई थी। शादी के बाद नरेंद्र मेरे चरित्र पर शक करते हुए मारपीट करता था।

### हरियाणा से जोतराम बाबा के धोक लगाने आया था परिवार

# टायर फटने से कार पलटी, बच्चे समेत तीन की मौत

**बेधड़क | चूरू**

जिले में तारानगर थाना क्षेत्र में तारानगर-राजगढ़ स्टेट हाईवे नंबर-6 पर दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। हादसे के दौरान तेज रफ्तार कार का टायर फटने से वह 4 से 5 बार पलट गई। हादसे में एक बच्चे समेत तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं 5 घायल हो गए। हादसा गुरुवार शाम करीब 4:15 बजे हुआ।

कार में सवार लोग हरियाणा से तारानगर (चूरू) के गांव भनीण में जोतराम बाबा के धोक लगाने आ रहे थे। तारानगर डीएसपी मीनाक्षी ने बताया कि शाम को तारानगर-राजगढ़ स्टेट हाईवे नंबर-6 पर गांव जिगसाना के पास टायर फटने से कार पलटने की सूचना मिली थी। तारानगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। सभी घायलों को निजी वाहन और एंबुलेंस से तारानगर



के गवर्नमेंट अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने एक बच्चे सहित तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। चार घायलों की हालत गंभीर होने पर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। एक महिला को गंभीर हालत में बीकानेर रेफर किया गया।

### हरियाणा के रहने वाले थे

डीएसपी मीनाक्षी ने बताया कि हरियाणा का एक परिवार मारुति ईको कार में सवार होकर तारानगर के गांव भनीण में जोतराम बाबा के धोक लगाने आ रहा था। टायर फटने से हुए हादसे में हरियाणा के झज्जर निवासी सत्यवान प्रजापत (62), नवीन जाट (50 ) और जींद निवासी 30 महीने के प्रियांश की मौत हो गई। पुलिस ने शव तारानगर के गवर्नमेंट अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवा दिए हैं। शुक्रवार को परिजनों के आने के बाद शवों का पोस्टमॉर्टम करवाया जाएगा। झज्जर निवासी इसवंती (55) की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक इलाज के बाद बीकानेर रेफर किया गया है। झज्जर निवासी सागर प्रजापत (30), जींद निवासी पूजा (28), हैपी प्रजापत (30) और आशीष (24) का तारानगर के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। हादसे के बाद तारानगर-राजगढ़ स्टेट हाईवे नंबर-6 पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

## तरंग शक्ति युद्धाभ्यास के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बने गवाह

**जोधपुर।** जोधपुर वायुसेना स्टेशन पर चल रहे तरंग शक्ति युद्धाभ्यास 2024 अब अपने अंतिम चरण में है। इस बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी जोधपुर पहुंचे। जहां उन्होंने तरंग शक्ति युद्धाभ्यास के दौरान हवाई प्रदर्शन देखा और इसे एक ऐतिहासिक अभ्यास करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह भारतीय वायुसेना की महान उपलब्धियों का जश्न मनाने का अवसर है।

वहीं, भारतीय वायुसेना की हेलीकॉप्टर एयरोबैटिक टीम सारंग बुधवार को मिस्र से सीधे जोधपुर पहुंची। सारंग के 5 हेलीकॉप्टर यहां आए हैं। सारंग टीम 3 से 5 सितंबर तक मिस्र में होने वाले इंटरनेशनल एयर शो में हिस्सा लेने गई थी। वहीं, सारंग ने आज सूर्यकिरण टीम के साथ युद्धाभ्यास में हिस्सा लिया। 30 अगस्त से 14 सितंबर



तक होने वाले इस हवाई युद्धाभ्यास में भारत समेत सात देशों की वायुसेनाएं हिस्सा ले रही हैं। भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी भी जोधपुर पहुंचे। उनके अलावा अभ्यास में भाग लेने वाले सात प्रमुख देशों अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया, सिंगापुर, श्रीलंका, यूएई और ग्रीस के वायुसेना प्रमुख और वरिष्ठ अधिकारी जोधपुर आए। बांग्लादेश की सेना भी पर्यवेक्षक के तौर पर इस अभ्यास में शामिल हुआ।

## प्रबंधन प्रक्रिया और पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों पर मिली बड़ी उपलब्धि

# राजस्थान विश्वविद्यालय को मिला आईएसओ प्रमाण पत्र

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के सबसे बड़े राजस्थान विश्वविद्यालय की प्रबंधकीय प्रक्रिया व विश्वविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण के लिये किये जा रहे अभिनव कार्यों व प्रभावी शैक्षणिक मार्गदर्शन को इण्टरनेशनल स्टैण्डर्ड ऑर्गनाइजेशन (आई.एस.ओ) ने अपने निर्धारित मानकों के अनुरूप पाया है। राजस्थान विश्वविद्यालय में बेहतर प्रबंधकीय प्रक्रिया जिसमें विश्वविद्यालय से जुड़े छात्रों के केंद्रित नीतियों, प्रक्रियाओं जिसमें छात्रों की परीक्षाओं के आयोजन व मूल्यांकन को लेकर नवीनतम सूचना प्रौद्योगिकी के प्रभावी



उपयोग, निर्धारित शोध प्रक्रियाएं भी शामिल हैं। इसके आधार पर आई.एस.ओ 21001:2018 व विश्वविद्यालय द्वारा पर्यावरण सरंक्षण व संवर्द्धन को लेकर विकसित की गई पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली (एनवॉयरमेंटल मैनेजमेंट सिस्टम) के आधार पर 14001:2015 से प्रमाणित किया है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान विश्वविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण को लेकर विश्वविद्यालय समुदाय द्वारा किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यकमों व विश्वविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण एव संवर्द्धन को लेकर बनाई गई नीतियों, पाठ्यकमो, शैक्षणिक कार्यक्रमो को आई.एस.ओ ने यह प्रमाण पत्र जारी करने का मुख्य मूल्यांकन आधार माना है।

### प्रमाण पत्र हासिल करने वाला बना प्रदेश का पहला विश्वविद्यालय

अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने बेहतर प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण की अभिनव प्रक्रियाओं को लेकर आई.एस.ओ से प्रमाणित होने वाला राजस्थान विश्वविद्यालय राज्य का पहला विश्वविद्यालय बन गया है। उल्लेखनीय है कि आई.एस.ओ 21001:2018 के तहत यह प्रमाणिकरण राजस्थान विश्वविद्यालय का मूल्यांकन आई.एस.ओ द्वारा विश्वविद्यालय से जुडे सभी हितधारकों का अपने निर्धारित मानकों के आधार पर किये गये व्यापक मूल्यांकन के बाद जारी किया गया है। इस अन्र्तराष्ट्रीय स्तर पर किए जाने वाले मूल्यांकन के लिए कोरियन एजेंसी फॉर टैक्नोलॉजी एण्ड स्टैण्डर्ड (के.ए.टी.एस) व 39 देशों की मानकीकरण संस्थाओं से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों के 86 विशेषज्ञों द्वारा किया गया है। विश्वविद्यालय के मूल्यांकन से पूर्व विश्वविद्यालय की वर्तमान में प्रचलित नीतियों, उद्देश्य व प्रक्रियाओं का व्यापक आधार पर विश्लेषण किया गया। इस प्रक्रिया के तहत विश्वविद्यालय के प्रबंधकीय तंत्र को यहां अध्ययन कर रहे छात्रों व अन्य हित धारकों की आवश्यक जरूरतों के लिये दी जा रही सेवाओं को अपने मानकों के अनुरूप पाया है।

### 11 बिंदुओं के मूल्यांकन पर मिली है उपलब्धि

आई.एस.ओ इस प्रक्रिया के तहत संबंधित शिक्षण संस्थान का आन्तरिक अंकेक्षण, शिक्षार्थी के दूरदर्शी एवं बाहरी उद्देश्यों को प्राप्त करने की नीतियों को अपना विशेष मानकीय आधार बनाता है। इसी प्रक्रिया के तहत संबंधित शिक्षण संस्थान जिसे आई.एस.ओ अपना प्रमाण पत्र जारी करता है उस संस्थान में प्रचलित शैक्षणिक कार्यक्रमों व अन्य प्रबंधकीय कार्यो के वार्षिक मूल्यांकन को भी शामिल किया जाता है। राजस्थान विश्वविद्यालय को आई.एस.ओ द्वारा जारी किया गया 21001:2018 प्रमाण पत्र एज्यूकेशनल ऑर्गनाइजेशन मैनेजमेंट सिस्टम (ई.ओ.एम.एस) द्वारा किसी भी उच्च शिक्षण संस्थान का मूल्यांकन करने से पूर्व अपने निर्धारित सिद्धांतों जिसमें संस्था का दूरदर्शी नेतृत्व, संस्थान में निरन्तर किऐ जा रहे आवश्यक सुधार व प्रमाण के आधार पर सिद्ध होने वाले निर्णय, सामाजिक दायित्व, डेटा सिक्यूरिटी, प्रोटेक्शन जैसे कुल 11 बिन्दुओं पर आधारित है।

### कुलपति ने दी शुभकामनाएं

राजस्थान विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. अल्पना कटेजा ने राजस्थान विश्वविद्यालय को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की ख्यातिप्राप्त संस्था आई.एस.ओ द्वारा इसकी प्रबंधकीय प्रक्रिया व पर्यावरण प्रबंधन प्रणाली के निर्धारित मानकों के अनुरूप पाए जाने पर इसे राज्य के उच्च शिक्षा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है और इसके लिए राजस्थान विश्वविद्यालय से जुडे सभी वर्गों को बधाई दी है।

## Yuva स्टोरीज

### सीएम के पुत्र अभिषेक के जन्मदिन पर शशांक शर्मा ने दी शुभकामनाएं



*जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के पुत्र अभिषेक शर्मा के जन्मदिन पर सवाई माधोपुर के कुस्तला गांव निवासी शशांक शर्मा ने सीएमआर पहुंचकर शुभकामनाएं दी।*

### विधिशास्त्र शुरू करने वाला संस्कृत विवि बना पहला विवि



बेधड़क | जयपुर

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर में भारत में सर्वप्रथम भारतीय विधिशास्त्र विद्याशाखा का सत्रारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन समारोह में परिसर की पूर्व निदेशक मुख्य अतिथि प्रो. भगवती सुदेश ने कहा कि विधिशास्त्र धर्मशास्त्र से अनुप्राणित हुआ है। शिक्षाशास्त्र विद्याशाखाध्यक्ष सारस्वतातिथि प्रो. वाई.एस .रमेश ने छात्रों को स्वागत और अभिनंदन करते हुए विधिशास्त्र में रुचि रखने की सलाह दी। कार्यक्रम के अध्यक्ष तथा परिसर के निदेशक प्रो. सुदेश कुमार शर्मा ने विधि शास्त्र के छात्रों को अभिनंदित करते हुए मानव जीवन में विधि के महत्व और दायित्व का मार्गदर्शन किया। विधिशास्त्र विद्याशाखा तथा धर्मशास्त्र विद्याशाखा की विभागाध्यक्ष प्रो. कृष्णा शर्मा ने सभी का स्वागत करते हुए कुलपति प्रो. श्रीनिवास बरखेड़ी जी का आभार प्रकट किया और बताया की उन्ही की दूरदृष्टि से आज भारत में सर्वप्रथम केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में भारतीय विधि शास्त्र का अध्यापन शुरू हो पाया है । अब तक विदेशों की विधिशास्त्र का ही अध्ययन होता रहा है पर अब छात्र भारतीय विधि शास्त्र का भी अध्ययन कर सकेंगे। सत्र का संचालन विधिशास्त्र विद्याशाखा के सहायक आचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार जाखड़ ने किया।

### सीएसआईआर यूजीसी नेट परीक्षा के नतीजे घोषित



एजेंसी | नई दिल्ली

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने गुरुवार को सीएसआईआर यूजीसी नेट परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया है। जो भी उम्मीदवार सीएसआईआर यूजीसी नेट परीक्षा में शामिल हुए थे, वे आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना रिजल्ट देख सकते हैं। उम्मीदवार एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर भी अपना परिणाम डाउनलोड कर सकते हैं। परिणाम देखने के लिए अभ्यर्थियों को अपने आवेदन संख्या और जन्मतिथि की आवश्यकता होगी। इस वर्ष 2,25,335 अभ्यर्थियों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था, जिनमें से 1,63,529 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। अभ्यर्थियों को कोई भी स्कोरकार्ड हार्ड कॉपी में डाक या ई-मेल द्वारा नहीं भेजा जाएगा। यह परीक्षा 25, 26 और 27 जुलाई, 2024 को आयोजित की गई थी। परीक्षा पहले दो दिनों में दो शिफ्ट में आयोजित की गई थी- पहली शिफ्ट सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी शिफ्ट दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक और 27 जुलाई को परीक्षा केवल पहली शिफ्ट में आयोजित की गई थी। परीक्षा 187 शहरों के 348 केंद्रों पर आयोजित की गई थी। आधिकारिक सूचना के अनुसार, केवल उपस्थित होना और स्कोर कार्ड रखना ही उम्मीदवार को आगे के चयन के लिए कोई अधिकार नहीं देता है।

## शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने छात्र हित में की घोषणा

# पौधरोपण व अच्छे व्यवहार पर मिलेंगे 14 से 22 नंबर

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के स्कूलों में पढ़ने वाले स्टूडेंट्स को अब पढ़ाई के साथ ही अपने अच्छे व्यवहार और पौधारोपण करने पर भी नंबर मिलेंगे। इस पूरी प्रक्रिया को प्रोजेक्ट, थर्ड टेस्ट (अर्द्धवार्षिक परीक्षा के बाद होने वाली परीक्षा), अच्छा व्यवहार और पौधारोपण की श्रेणी में बांटा गया है। इसके लिए क्लास छठीं से बारहवीं तक स्टूडेंट्स को 14 से 22 अंक तक दिए जाएंगे। शिक्षा विभाग ने इसके लिए गाइडलाइन जारी की है।

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि राजस्थान के स्टूडेंट्स के शैक्षणिक स्तर को सुधारने के साथ ही उनके व्यवहार को बेहतर करने के लिए शिक्षा विभाग की ओर से यह पहल की गई है। थर्ड टेस्ट और प्रोजेक्ट के साथ ही अब उन्हें पौधारोपण और अच्छा व्यवहार के भी नंबर मिलेंगे। इससे न सिर्फ उनके शैक्षणिक स्तर में सुधार होगा। बल्कि छात्रों का विकास भी हो सकेगा। दिलावर ने कहा कि वर्तमान में पर्यावरण संरक्षण के साथ ही वातावरण के लिए पौधारोपण बेहद जरूरी है। ऐसे में स्कूली बच्चे पर्यावरण के रक्षक बन प्रदेश को हरा-भरा बनाने में मददगार साबित होंगे। जल्दी ही इसका सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। इसके लिए स्टूडेंट्स न सिर्फ स्कूल में बल्कि, अपने घर, सार्वजनिक स्थान पर पौधरोपण कर सकेगा। इसकी मॉनिटरिंग जियो टैगिंग और टीचर्स करेंगे। उसके आधार पर ही स्टूडेंट्स को अंक दिए जाएंगे।



### थर्ड टेस्ट के आधार पर मिलते हैं नंबर

शिक्षा विभाग की ओर से अर्द्धवार्षिक परीक्षा के बाद हर साल थर्ड टेस्ट होता है। स्टूडेंट के तब तक कंप्लीट हुए सिलेबस से सवाल परीक्षा में पूछे जाते हैं। उसके आधार पर उन्हें अंक दिए जाते हैं। हालांकि बोर्ड वाली कक्षाओं का थर्ड टेस्ट नहीं होता है। क्लास छठीं, सातवीं, नवीं और ग्यारह के स्टूडेंट को ही थर्ड टेस्ट के आधार पर अंक दिए जाएंगे। इसी तरह स्कूलों में स्टूडेंट्स को सामाजिक गतिविधियों के साथ शैक्षणिक गतिविधियों में सम्मिलित करने के लिए अलग-अलग प्रोजेक्ट दिए जाते हैं। यह प्रोजेक्ट स्कूल और टीचर के अनुसार दिए जाते हैं, जिसे कंप्लीट करने के बाद स्टूडेंट्स को फाइनल एग्जाम से पहले अपना प्रोजेक्ट सबमिट करना पड़ता है। उस आधार पर अंक दिए जाते हैं।

### शिक्षा मंत्री ने किया 69 लाख रुपए के नवनिर्माण कार्यों का भूमि पूजन

**कोटा।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने अपनी विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपए की लागत से सरकारी विद्यालयों में कक्षा कक्ष, प्रयोगशालाओं के निर्माण के लिए भूमि पूजन शिलान्यास एवं नवनिर्मित कक्षाओं का लोकार्पण किया। मंत्री ने विनोबा भावे नगर स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पहुंचे।

जहां उन्होंने 69.50 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले विभिन्न कार्यों का शिलान्यास कर भूमि पूजन किया। मंत्री ने समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत विद्यालय में मेजर रिपेयर के लिए 6.90 लख रुपए तथा दो कक्षा कक्षा वा विज्ञान प्रयोगशाला एवं पुस्तकालय कक्ष के निर्माण के लिए 50.7 लाख रुपए के कार्य का भूमि पूजन भी किया। मंत्री ने विद्यालय की 3 बालिकाओं को टेबलेट भी भेट किए।

### मंत्री ने किया अपने गुरु का सम्मान

विनोबा भावे नगर स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कक्षा कक्षों के निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री मदन दिलावर कार्यक्रम में भीड़ के बीच अपने गुरु माणक चंद सोनी को देखकर भावविभोर हो गए। उन्होंने तुरंत भीड़ के बीच पहुंचकर अपने गुरु के चरण स्पर्श किए और स्वयं उनको अपने साथ मंच पर ले गए तथा अपने साथ मंच पर बिठाकर खुद के हाथों से उन्हें साफा और माला पहना कर उनका सम्मान किया। इतना ही नहीं मंत्री ने अपने स्कूल समय के दिनों को याद करते हुए आग्रह किया के गुरुजी मुझे वही तिरंगे वाली कविता सुनाई। गुरु जी भी अपने शिष्य का आग्रह देख भावविभोर हो गए और उन्होंने मंच पर खड़े होकर तिरंगा विजय वाली कविता सुनाई। जिस पर पूरे पंडाल में उपस्थित लोगों ने जोरदार तालियां बजाकर गुरु और उनके शिष्य मंत्री का करतल ध्वनि अभिवादन किया।

### शिक्षा मंत्री ने किया कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास का लोकार्पण

**कोटा।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने यहां सुल्तानपुर मे 1 करोड़ 77 लाख की लागत से नवनिर्मित कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास का लोकार्पण किया।लोकार्पण के बाद मंत्री ने नवनिर्मित भवन परिसर का निरीक्षण किया। 25 कमरों के भवन मे एक गार्ड रूम सहित सोंचालय बनाए गए है। एक कमरे मे 3 बालिकाओं के रहने की व्यवस्था रहेगी। छात्रावास मे 9 से 12 कक्षा तक की बालिकाओं को ही प्रवेश दिया जाएगा।

## IIHT में छात्रों का शैक्षणिक भ्रमण

# 150 स्कूली छात्रों ने जानी हथकरघा उद्योग की बारीकियां




बेधड़क | जोधपुर

भारतीय हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान नयापुरा चोखा जोधपुर में गुरुवार को 120 स्कूली छात्रों एवं 30 फैशन डिजाइन कॉलेज के छात्रों ने भ्रमण किया। इस शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य हथकरघा के बारे में जानने और हथकरघा बुनाई की बारीकियां समझना था।

भ्रमण के दौरान कैसे सूती वस्त्र, साड़ियां, ड्रेस मटेरियल, पट्टू, सूती दरिया और ग्रह साज सजा का वस्त्र हथकरघा के उपयोग से बनाया जा सकता है। इसके बाद प्राकृतिक रंगों को काम में लेते हुए कैसे रंगाई की जाती है और सूती वेस्टन पर प्राकृतिक रंगों से ब्लॉक प्रिंटिंग की जाती है संस्थान के वरिष्ठ प्रवक्ता विक्रम सिंह पूनिया ने हथकरघा वस्त्रों का दैनिक जीवन में उपयोग और महत्व के बारे में जानकारी दी और बताया हथकरघा वस्त्र आज के परिपेक्ष्य में कैसे फैशन का केंद्र बने हुए हैं और भारत देश-विश्व का 90 प्रतिशत हथकरघा वस्त्र उत्पादक देश है।

संस्थान के कनिष्ठ प्रवक्ता मनीष माथुर ने वस्त्र प्रिंटिंग का जिवंत प्रदर्शन करके दिखाया। इस मौके पर स्कूली छात्रों ने हथकरघा वस्त्रों के बारे में सवाल पूछें। तकनीकी स्टाफ बी के शर्मा, प्रगति बाजपाई, संदीप, सुप्रभात, केवल राम, दिनेश ने छात्रों को विभिन्न प्रकार के हथकरघा उत्पाद प्रदर्शित किए। अंत में अरबिंदो स्कूल एवं जे डी इंस्टीट्यूट ने भारतीय हथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान स्टाफ को धन्यवाद दिया और भविष्य में इसी तरह छात्रों को हथकरघा वस्त्रों की जानकारी देने का आग्रह किया।

### ग्रैंड पैरेंट्स डे पर बच्चों ने ग्रीटिंग कार्ड देकर किया स्वागत

**जयपुर।** दादा-दादी और नाना-नानी का होना भगवान की ओर से पोते पोतियों को दिए गए सबसे अच्छे उपहारों में से एक है। अचीवर्स अकैडमी में गुरुवार का दिन दादा और नाना- नानी को समर्पित करते हुए ग्रैंड पैरेंट्स डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों के दादा-दादी और नाना-नानी को तिलक लगाकर और ग्रीटिंग कार्ड देकर स्वागत किया गया। उसके बाद बच्चों ने अपने ग्रैंडपैरेंट्स के प्रति भाव डांस और कविता के माध्यम से प्रस्तुत किए। ग्रैंड पैरेंट्स को एक बार फिर से बचपन को याद दिलाते हुए स्कूल स्टाफ द्वारा अलग अलग क्विज और गेम्स एक्टिविटी तैयार की गई। सभी एक्टिविटीज़ में विजेता ग्रैंडपैरेंट्स को स्कूल के डायरेक्टर बी एल सैनी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। सभी ग्रैंड पैरेंट्स का जोश देखने लायक़ था, सभी ने जमकर डांस किया। प्रोग्राम के अंत में स्कूल के डायरेक्टर बी एल सैनी द्वारा सभी ग्रैंडपैरेंट्स का आभार व्यक्त किया और इसी तरह स्कूल पर अपना आशीर्वाद और प्यार प्यार बनाए रखने की कामना की।

## आवेदन | सब्जेक्ट के हिसाब से देना होगा शुल्क, 16 अक्टूबर लास्ट डेट

# सीबीएसई मार्क्स इम्प्रूवमेंट के आवेदन हुए शुरू

बेधड़क | कोटा

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के मार्क्स इम्प्रूवमेंट के लिए आवेदन शुरू हो गए। कैंडिडेट 16 अक्टूबर तक ओवदन कर सकेंगे। इम्प्रुवमेंट के लिए आवेदन के इच्छुक कैंडिडेट को सीबीएसई की वेबसाइट पर दिए गए प्राइवेट कैंडिडेट लॉगिन पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

अगर कैंडिडेट सभी पांचों विषयों में इम्प्रूवमेंट करना चाहता है, तो 1500 रुपए शुल्क देना होगा। एक या एक से अधिक सब्जेक्ट में इम्प्रूवमेंट देना चाहता है, तो प्रति सब्जेक्ट 300 रुपए शुल्क जमा करवाना होगा। सीबीएसई की ओर से जारी नोटिफिकेशन के अनुसार




इन कैंडिडेट की परीक्षा फरवरी, मार्च व अप्रैल 2025 में प्रस्तावित मेन परीक्षाओं के साथ आयोजित की जाएगी।

### बोर्ड पात्रता अंकों की अनिवार्यता से बढ़े आवेदन

निजी कोचिंग संस्थान के करियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा के अनुसार हर साल जेईई एडवांस्ड और जेईई मेन देने वाले सबसे ज्यादा स्टूडेंट्स सीबीएसई बोर्ड के ही होते हैं। साल 2020 से 2022 में आईआईटी एनआईटी में प्रवेश के लिए बोर्ड अंकों की पात्रता में छूट दी गई, लेकिन साल 2023 के बोर्ड पात्रता को फिर से लागू किया गया। कैंडिडेट को 12वीं बोर्ड में टॉप-20 पर्सेन्टाइल या 75 प्रतिशत प्राप्तांक को अनिवार्य किया गया। यह नियम साल 2024 में भी लागू था और 2025 में भी आईआईटी-एनआईटी में प्रवेश के लिए बोर्ड अंकों की पात्रता लागू रहना तय है। ऐसे स्टूडेंट्स जो इस बोर्ड पात्रता को पूरा नहीं कर पाए है, उन्हें आवश्यक रूप से बोर्ड इम्प्रूवमेंट के लिए दिए गए समय में आवेदन करना होगा। इस वर्ष बोर्ड इम्प्रूवमेंट करने वाले स्टूडेंट्स की संख्या बढ़ेगी। गत साल भी बहुत से कैंडिडेट बोर्ड असमंजस के चलते इम्प्रूवमेंट आवेदन से चूक गए थे। बाद में जेईई एडवांस्ड और जेईई मेन में रैंक लाने के बावजूद आईआईटी-एनआईटी में प्रवेश से वंचित रह गए थे।



# सज्जाद जहीर और तरक्कीपसंद तहरीक



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

हिंदोस्तानी समाज में सज्जाद जहीर की पहचान राइटर, जर्नलिस्ट, एडिटर और फ्रीडम फाइटर के तौर पर है। वह तरक्कीपसंद तहरीक के वे रूह—ए—रवाँ थे। उन्होंने अपनी सारी ज़िंदगी साहित्य और समाज में प्रगतिशील मूल्यों को स्थापित करने, अवाम को वाजिब हक दिलाने, समाजी इंसाफ की लड़ाई लड़ने में गुजार दी। वे मुल्क के लाखों पसमांदा इंसानों में ऐसा शऊर पैदा करना चाहते थे, जो उन्हें सामाजिक, आर्थिक शोषण और सियासी गुलामी से निजात दिलाने में मददगार हो सके। दोस्तो में 'बन्ने भाई' के नाम से मकबूल सज्जाद जहीर सांस्कृतिक आंदोलन के जरिए अवाम में चेतना जगाना चाहते थे। वह मानते थे कि अवाम में सांस्कृतिक सजगता और सियासी, समाजी चेतना पैदा होगी, तो वह खुद अपनी आज़ादी, हक और हुकूक के लिए उठ खड़े होंगे। यही नहीं उनकी यह सोच भी थी कि हिंदुस्तान की आज़ादी की लड़ाई में लेखक, संस्कृतिकर्मी ही अहम भूमिका निभा सकते हैं। सज्जाद जहीर की यह क्रांतिकारी सोच यकायक नहीं बनी थी, बल्कि इसमें उस हंगामाख़ेज़ दौर का बड़ा रोल था, जिसमें उनकी तर्बीयत हुई । कानूनी तालीम के वास्ते साल 1927 से 1935 तक जहीर का लंदन में क़ियाम रहा। 1930 से 1935 तक का दौर, दुनियावी ऐतबार से बदलाव का जमाना था। 1933 में फ्रांसीसी साहित्यकार हेनरी बारबूस की कोशिशों से फ्रांस में लेखक, कलाकारों का फ़ासिज्म के खिलाफएक संयुक्त मोर्चा 'वर्ल्ड कान्फ्रेंस ऑफ राइटर्स फ़ॉर दि डिफेन्स ऑफ कल्चर' बना। जो आगे चलकर पॉपुलर फ्रंट (जन मोर्चा) के तौर पर तब्दील हो गया। इस संयुक्त मोर्चे में मैक्सिम गोर्की, रोम्या रोलां, आंद्रे मालरो, टॉमस मान, वाल्डो फ्रेंक, मारसल, आंद्रे जीद, आरांगो जैसे विश्वविख्यात साहित्यकार शामिल थे। लेखक, कलाकारों के इस मोर्चे को जनता के बीच बड़ी हिमायत हासिल थी। विश्व परिदृश्य

> "कानूनी तालीम के वास्ते साल 1927 से 1935 तक जहीर का लंदन में क़ियाम रहा। 1930 से 1935 तक का दौर, दुनियावी ऐतबार से बदलाव का जमाना था। 1933 में फ्रांसीसी साहित्यकार हेनरी बारबूस की कोशिशों से फ्रांस में लेखक, कलाकारों का फासिज्म के खिलाफ एक संयुक्त मोर्चा 'वर्ल्ड कॉन्फ्रेंस ऑफ राइटर्स फॉर द डिफेन्स ऑफ कल्चर' बना।"



सज्जाद जहीर

में तेजी से घट रही इन सब घटनाओं ने सज्जाद जहीर को काफ़ी मुतास्सिर किया। जिसका सबब साल 1935 में लंदन में प्रगतिशील लेखक संघ की स्थापना थी। उन्होंने अपने चंद तरक्कीपसंद दोस्तों के साथ यहां प्रगतिशील लेखक संघ की दागबेल डाली। आगे चलकर सज्जाद जहीर ने तरक्कीपसंद तहरीक को आलमी तहरीक का हिस्सा बनाया। अपनी ज़िंदगी को एक नयी राह देने और एक ख़ास मक़सद और इरादे के साथ सज्जाद जहीर ने साल 1936 में लंदन छोड़ा। भारत वापस लौटते ही उन्होंने प्रगतिशील लेखक संघ के पहले अधिवेशन की तैयारियां शुरू कर दीं। 'प्रगतिशील लेखक संघ' के घोषणा-पत्र पर उन्होंने भारतीय भाषाओं के तमाम बड़े लेखकों से विमर्श किया। प्रगतिशील लेखक संघ की पहली कॉन्फ्रेंस लखनऊ में हुई। कॉफ्रेंस की सदारत मुंशी प्रेमचंद ने की।

साल 1942 से 1947 तक का दौर प्रगतिशील लेखक संघ के आंदोलन का सुनहरा दौर था। यह आंदोलन आहिस्ता-आहिस्ता देश की सारी भाषाओं में फैला। इन सांस्कृतिक आंदोलनों का आख़िरी मक़सद मुल्क की आज़ादी था। शुरुआती दिनों में सज्जाद जहीर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्य भी रहे। इलाहाबाद शहर कांग्रेस कमेटी के महासचिव होकर उन्होंने पं. जवाहरलाल नेहरू के साथ काम किया। कांग्रेस में काम करने के दौरान उनका वास्ता उस वक्त अंडरग्राउंड चल रहे कम्युनिस्ट लीडर पीसी जोशी से हुआ। कॉमरेड जोशी के साम्यवादी विचारों से वह बेहद प्रभावित हुए। बाद में कांग्रेस छोड़कर, सज्जाद जहीर कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया में शामिल हो गए। उत्तर प्रदेश इकाई के सचिव भी रहे। कम्युनिस्ट पार्टी के अखबार 'क़ौमी जंग' और 'नया जमाना' अखबार में सज्जाद जहीर ने प्रधान सम्पादक की हैसियत से काम किया। लंदन में जर्नलिज्म की पढ़ाई, संपादकीय सूझ-बूझ और अन्तर्राष्ट्रीय दृष्टि की बदौलत इन अखबारों ने जल्द ही लोगों के बीच अपनी पहचान बना ली। ये अखबार हिन्दुस्तान के प्रगतिशील लेखकों की आवाज़ बन गए। इस आंदोलन में लेखकों का शामिल होना प्रगतिशीलता की पहचान हो गई। प्रगतिशील आन्दोलन ने जहां धार्मिक अंधविश्वास, जातिवाद और हर तरह की धर्मांधता की मुखालफत की, तो वहीं साम्राज्यवादी, सामंतशाही व आंतरिक सामाजिक रूढ़ियों रूपी दुश्मनों से भी टक्कर ली। एक समय ऐसा भी आया, जब उर्दू के सभी नामवर साहित्यकार प्रगतिशील लेखक संघ के बैनर तले आ गए थे। फैज अहमद फैज, अली सरदार जाफ़री, मजाज़, कृश्न चंदर, ख़्वाजा अहमद अब्बास, कैफ़ी आज़मी, मजरूह सुल्तानपुरी, इस्मत चुग़ताई, साहिर लुधियानवी, हसरत मोहानी, सिब्ते हसन, डॉ. रशीद जहां, जोश मलीहाबादी, फ़िराक़ गोरखपुरी, राजिंदर सिंह बेदी, वामिक जौनपुरी और मख़दूम जैसे आला नाम तरक्कीपसंद तहरीक के हमनवां, हमसफ़र थे। इनकी क़लम ने मुल्क में आज़ादी के हक में समां बना दिया। यह वह दौर था, जब तरक्कीपसंद लेखकों को नए दौर का रहनुमा समझा जाता था। वहीं, तरक्कीपसंद तहरीक को पंडित नेहरू, सरोजनी नायडू, रवीन्द्रनाथ टैगोर, अल्लामा इक़बाल, खान अब्दुल गफ्फार खान, प्रेमचंद, वल्लथोल जैसी हस्तियों की सरपरस्ती हासिल थी। वे भी इन लेखकों के लेखन एवं काम से बेहद मुतास्सिर और मुतमइन थे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की विदेश यात्रा

# देश की साख से खेलते राहुल गांधी



अरविंद जयतिलक
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> "विदेशी धरती पर खड़े होकर देश की छवि पर प्रहार करना उचित नहीं है। एक लोकतांत्रिक देश में देश की साख और मर्यादा की रक्षा की जिम्मेदारी जितना सत्ताधारी पार्टी की होती है उतना ही विपक्ष की भी, लेकिन राहुल गांधी विदेशी धरती से भारत की साख खराब करने से चूक नहीं रहे हैं। उनके इस कृत्य से न केवल उनकी जगहंसाई हो रही है"

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी कमाल के नेता हैं। वे तनिक भी विचलित व चिंतित नहीं होते हैं कि तर्कहीन और मनगढंत भाषणबाजी के फेर में कहीं खुद ही लपेटे में आ गए तो क्या होगा। वे सरकार की आलोचना के फेर में देश की साख और मर्यादा का ख्याल किए बिना ही लगातार जो मुंह में आ रहा है, उगल रहे हैं। इससे न केवल देश की छवि धुमिल हो रही है बल्कि उन्हें खुद आलोचना का पात्र बनना पड़ रहा है। बेशक राहुल गांधी को अधिकार है कि वह सरकार की नीतियों की आलोचना करे। लेकिन यह कार्य अपने देश में होना चाहिए। विदेशी धरती पर खड़े होकर देश की छवि पर प्रहार करना उचित नहीं है। एक लोकतांत्रिक देश में देश की साख और मर्यादा की रक्षा की जिम्मेदारी जितना सत्ताधारी पार्टी की होती है उतना ही विपक्ष की भी। लेकिन राहुल गांधी विदेशी धरती से भारत की साख खराब करने से चूक नहीं रहे हैं। उनके इस कृत्य से न केवल उनकी जगहंसाई हो रही है बल्कि उनकी पार्टी कांग्रेस की भी मिट्टी पलीत हो रही है।

चंद रोज पहले एक बार फिर उन्होंने कुछ ऐसा ही कृत्य किया है। उन्होंने अमेरिका के डलास में टेक्सास विश्वविद्यालय में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा है कि भारत में कौशल वाले लाखों लोगों को दरकिनार किया जा रहा है। उन्होंने भारत की तुलना चीन से करते हुए भारत को नीचा दिखाने की कोशिश की। साथ ही RSS पर भी हमला बोलने से नहीं चूके। हद तो तब हो गयी जब उन्होंने कहा कि लड़ाई इस बात की है कि क्या एक सिख को भारत में पगड़ी अथवा कड़ा पहनने का अधिकार है या नहीं। राहुल गांधी से पूछा जाना चाहिए कि क्या सिख समुदाय भारत में पगड़ी और कड़ा धारण नहीं करता है? भारत में इस बार आम चुनाव लड़ने के लिए सबको समान अवसर उपलब्ध नहीं थे। अब सत्ताधारी BJP राहुल के अनाप-शनाप संबोधन को लेकर सवाल दागना शुरु कर दी है। कांग्रेस को जवाब देते नहीं बन रहा है। गौर करें तो यह पहली बार नहीं है जब राहुल गांधी ने विदेशी धरती से भारत की साख से खेलने की कोशिश की है। गत वर्ष पहले उन्होंने जर्मनी के हैम्बर्ग में बुसेरियस समर स्कूल में छात्रों और प्रवासियों को संबोधित करते हुए देश में उन्माद की हिंसा यानी मॉब लिंचिंग की बढ़ती घटनाओं को बेरोजगारी से जोड़ दिया था। दूसरी ओर लंदन में RSS की तुलना आतंकी संगठन ब्रदरहुड से की थी। उनके इस दुर्लभ प्रवचन से न केवल भारज-जर्मनी बल्कि दुनिया भर के समाजशास्त्री और अर्थशस्त्री हतप्रभ रह गए थे। विदेशी धरती पर राहुल गांधी के अनावश्यक संबोधन से देश सन्न है। लोगबाग समझ नहीं पा रहे हैं कि आखिर राहुल गांधी को क्या हो गया है जो कि मोदी विरोध के नाम पर कभी आरएसएस को बदनाम कर रहे हैं तो कभी देश की आबरु से खिलवाड़ कर रहे हैं। अगर राहुल गांधी के इस संबोधन से भारतीय जनता पार्टी उद्वेलित और आक्रामक होती है तो यह तनिक भी अस्वाभाविक नहीं है। ऐसा इसलिए कि जहां एक ओर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया भर में भारत की प्रतिष्ठा को चार चांद लगा रहे हैं वहीं राहुल गांधी गलत कुतर्कों के जरिए दुनिया भर में भारत की छवि खराब करने पर उतारु हैं। अभी गत वर्ष पहले ही उन्होंने कैलिफोर्निया के बर्कले विश्वविद्यालय में भारत में लोकतंत्र की सच्ची पैरोकारी के बजाए वंशवाद की वकालत की। बहुत पहले उनके द्वारा अमेरिकी राजदूत से कहा गया ाा कि देश को इस्लामिक आतंकवाद से ज्यादा खतरा हिंदू कट्टरवाद से है। उस समय भी राहुल गांधी की खूब फजीहत हुई थी और कांग्रेस को बचाव में उतरना पड़ा था। याद होगा 2013 में उन्होंने इंदौर की एक रैली में जुगाली किया था कि इंटेलिजेंस के एक अधिकारी ने उन्हें बताया की पाकिस्तान की खूफिया एजेंसी आइएसआइ मुज्जफरनगर दंगा पीड़ितों से संपर्क कर उन्हें आतंकवाद के लिए उकसाने की कोशिश कर रही है। मजे की बात यह कि उनके इस बयान के तत्काल बाद ही गृहमंत्रालय ने ऐसे किसी भी रिपोर्ट से इंकार कर दिया था। तब भी राहुल गांधी की खूब फजीहत हुई थी। चुनाव के दौरान चुरु की एक रैली में उन्होंने कहा था कि सांप्रदायिक तत्वों ने उनकी दादी को मारा, उनके पिता को मारा और अब शायद उन्हें भी मार सकते हैं। जबकि वे अच्छी तरह सुपरिचित हैं कि इंदिरा गांधी और राजीव गांधी की हत्या सांप्रदायिक तत्वों ने नहीं बल्कि आतंकियों ने की थी।

याद होगा 2012 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में उन्होंने समाजवादी पार्टी का घोषणापत्र ही फाड़ दिया। तब भी उनकी खूब किरकिरी हुई थी। यही नहीं उन्होंने 2014 में एक चुनावी जनसभा में गांधी जी की हत्या के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को ही जिम्मेदार ठहरा दिया था। लेकिन जब इससे नाराज संघ के एक कार्यकर्ता ने उन्हें अदालत में घसीट दिया तो उनकी असहजता बढ़ गयी। तब उच्चतम न्यायालय ने राहुल गांधी को आड़े हाथों लेते हुए कहा था कि वह या तो वह माफी मांगे या मानहानि के मुकदमें का सामना करने के लिए तैयार रहें। राहुल गांधी के गैर जिम्मेदराना रवैए से साफ है कि उनमें सुझबुझ की कमी ूअहै और वे बार-बार गलत बयानबाजी के जरिए अपनी राजनीतिक अपरिपक्वता पर मुहर लगा रहे हैं। राहुल गांधी की इसी नासमझी का नतीजा है कि देश उन्हें एक गंभीर राजनेता मानने को तैयार नहीं है। यह सही है कि राहुल गांधी को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद मिलने से कांग्रेस और उसके नेताओं तथा कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार हुआ है। लेकिन जिस तरह उनकी बयानबाजी को लेकर कांग्रेस पार्टी को बचाव में उतरना पड़ रहा है, उससे साफ है कि राहुल गांधी में गंभीरता की कमी है। लेकिन मजेदार बात कि वे अपनी कमियां ढुंढ़ने के बजाए मोदी सरकार पर आरोपों की बौछार कर रहे हैं। सच तो यह है कि कांग्रेस को प्रधानमंत्री मोदी की लोकप्रियता पच नहीं रही है और वह अवसादग्रस्त हो गयी है। उसी अवसाद का नतीजा है कि कांग्रेस कभी अपने नेता राहुल गांधी को मंदिर का दर्शन कराती है तो कभी सनातन पर प्रहार कराती है। उनके इशारे पर उनके सिपाहसालार देश को हिंदू पाकिस्तान तो कभी हिंदू तालिबान बताते सुने जाते हैं। अब असल सवाल यह है कि क्या इस तरह के आचरण से राहुल गांधी देश का दिल जीतने में सफल रहेंगे? क्या वे विदेशी धरती पर खड़े होकर देश के खिलाफ आग उगलकर सत्ता सिंहासन तक पहुंच जाएंगे? यह संभव ही नहीं है। देश उनके और उनकी पार्टी के इस रवैए से आहत है।

राहुल गांधी को समझना होगा कि अगर वे भोथरे दलीलों के जरिए देश को गुमराह कर प्रधानमंत्री की छवि खराब करने की कोशिश में हैं तो इसका सर्वाधिक नुकसान कांग्रेस पार्टी को ही उठाना होगा। उन्हें समझना होगा कि वे कांग्रेस के अग्रणी नेता ही नहीं बल्कि अब लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष भी हैं। अगर वह गली छाप नेताओं की तरह राजनीतिक आचरण की नुमाईश करेंगे तो फिर देश की कमान संभालने का दावा कैसे कर सकते हैं? वैसे भी जब से वे नेता प्रतिपक्ष बने हैं देश को लगातार निराश कर रहे हैं। ऐसा नहीं है कि देश ने राहुल को बेहतर कार्य का मौका नहीं दिया। वे चाहते तो नोटबंदी, GST और धारा 370 के सवाल पर सकारात्मक भूमिका का निर्वहन कर सकते थे। लेकिन उन्होंने यह मौका गंवा दिया। अब कांग्रेस पार्टी और नेता प्रतिपक्ष राहुल का एकसूत्रीय कार्यक्रम सरकार का विरोध करना और दुनिया भर में भारत की साख से खिलवाड़ करना रह गया है। यह देश के साथ छल है और देश इसे सहन नहीं करेगा।





**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# बधाई "च" चम्मच को चमचागिरी तक पहुंचने की



मुकेश राठौर
व्यंग्यकार

बचपन मे "च" चम्मच का पढ़ा था , परंतु सोचा नही था की वह च "चम्मच" कभी अपने वास्तविक कार्य से हट कर नेताओं की चमचागिरी करने लगेगा। अब बदलते परिवेश मे चम्मच की परिभाषा ही बदल गई है, किसी के खास होने पर या उसकी हा मे हा करने पर उसे चम्मच कहा जाता है। इस तरह के चम्मच राजनीति मे बहुत पाए जाते है। राजनीति मे एक तरह से "दौड़ और होड़ सी लग रही है, चम्मचो की संख्या बढ़ रही है। " किसी जमाने मे जो दुसरो के चम्मच हुआ करते थे अब उन छुट भय्या नेताओं के भी चम्मच होने लगे है।

राजनीति मे सफल होने के लिए चम्मचो का होना बहुत जरुरी है। इनको पालने के लिए उनको भले ही कुछ देना अर्थात झुनझुना थमाना पड़ता है। पर इससे उनको नुकसान कम और फायदे ज्यादा है। इनको पालना नेताओ की मजबूरी है, क्योंकि यही उनकी नैया पार लगते है।

जिस तरह से "बिन पानी सब सुन "उसी तरह से " बिन चम्मच के सब सुन " रहता है। चाहे रैली हो या कोई प्रदर्शन हो भीड़ जुटाने व माहौल बनाने जैसा जोखिम भरे कामो का दायित्व इन्ही के कंधो पर रहता है। किसी का चम्मच बन जाने पर ये गर्व से इतने फुल जाते है की " हम चौड़े और बाजार सकरा" हो जाता है। लोग तो आपदा मे अवसर ढुढते है पर ये बेचारे तो जरा सी खुशी मे बड़ी खुशी तलाश लेते है जैसे--

चम्मचो को नेताओं के साथ एक सेल्फी क्या मिल जाती है की उसे बार- बार सोशल मीडिया पर पोस्ट करते है। इसमे नेताओं का तो फायदा ही फायदा रहता है। बिना पैसे के उनका प्रचार- प्रसार होता है मतलब
"हिंग लगे ना फिटकरी रंग चौखा होए।"

वैसे तो चम्मच पुरी तरह से निष्ठावान होते है,परंतु जब यह अपनी वाली पर उतर जाए तो अपने आकाओ तक को भी नही बख्शते है। कुछ चम्मच तो इतने भारी होते है वजन मे नही पावर मे की अपने बोस को भी वक्त आने पर "छट्टी का दुध " तक याद दिला देते है और "दिन मे तारे दिखा कर , नानी- दादी तक याद दिला देते है।"

नेताओं को सनद नही हो तो सदन करा दु की "चम्मच जिस बर्तन मे रहता है उसे को खाली कर देता है।" इनके बारे मे एक बात और यह भी कही जाती है की ये "आस्तीन के साप होते है।" इसी वजह से नेता इनको ज्यादा उड़ाता देख इनके पर कतर ने मे जरा भी देर नही करते है । **"दुध मे से मक्खी की तरह निकाल कर फेक देते है।"**

**"उनकी बिल्ली उनको ही मियाऊ"** न करे इसलिए वे इनका पक्का ताबिज कर अपने पास रखते है और वक्त आने पर उसका डर बता कर गर्म चम्मच को ठंडा कर देते है। खैर जो भी हो "च " को चम्मच से चमचागिरी के शिखर तक बहुचने की बहुत- बहुत बधाई।

## नॉलेज कॉर्नर: वर्दी का रंग रखने के हैं वैज्ञानिक और भौगोलिक कारण

# इसलिए पुलिस की वर्दी का रंग है खाकी

भारत में ज्यादातर राज्यों की पुलिस की वर्दी का रंग खाकी ही होता है। खाकी रंग मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। दरअसल, यह एक शांत और संयमित रंग माना जाता है, जो पुलिस बलों के पेशेवर और अनुशासनात्मक स्वरूप को दिखाता है। भारत में अधिकांश राज्यों में पुलिस की वर्दी का रंग खाकी होता है। खासतौर से उत्तर भारतीय राज्यों में लोग खाकी रंग देखते ही समझ जाते हैं कि ये व्यक्ति पुलिस विभाग में कार्यरत है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि आखिर खाकी रंग का ही चुनाव क्यों किया गया? चलिए आज के नॉलेज कॉर्नर में जानते हैं इसी के बारे में।



### यही रंग क्यों चुना गया!

दरअसल, खाकी रंग धूल, मिट्टी और अन्य प्राकृतिक तत्वों के साथ आसानी से मेल खाता है, जिससे यह गंदा होने के बाद भी साफ-सुथरा दिखता है। इसके अलावा गहरे रंगों की तुलना में खाकी कम दिखता है, जिससे पुलिस को कार्रवाई के दौरान छिपने और बचने में मदद मिलती है। वहीं युद्ध और संघर्ष की स्थिति में भी खाकी रंग को बेहतर माना गया, क्योंकि यह सैनिकों और पुलिस कर्मियों को उस समय के वातावरण में आसानी से घुलने-मिलने में मदद करता है।

### यह है खाकी वर्दी का इंतिहास

भारत में खाकी वर्दी का चलन आज से नहीं है, बल्कि ये ब्रिटिश काल से ही है। दरअसल, पहले ब्रिटिश सेना में गहरे रंगों की वर्दी होती थी, खासकर लाल और नीले रंग की। लेकिन भारत की उष्णकटिबंधीय जलवायु, खासतौर से गर्म और धूल भरे क्षेत्रों में, गहरे रंग की वर्दी ठीक नहीं थी। इसके बाद 1861 में जब भारतीय पुलिस अधिनियम लागू हुआ तो, ब्रिटिश प्रशासन ने भारत में पुलिस बलों का गठन किया। इसके बाद पुलिस बलों के लिए एक समान वर्दी की आवश्यकता थी, जो देश की कठिन भौगोलिक और जलवायु परिस्थितियों में उपयुक्त हो। इसी के बाद खाकी रंग का चुनाव किया गया। इसके बाद सर हेरी लम्सडेन ने 1847 में खाकी रंग को पुलिस और सेना की वर्दी के लिए चुना।

### मनोवैज्ञानिक कारण भी इसके पीछे

*आपको बता दें, खाकी रंग मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। दरअसल, यह एक शांत और संयमित रंग माना जाता है, जो पुलिस बलों के पेशेवर और अनुशासनात्मक स्वरूप को दिखाता है। खाकी रंग के कारण, पुलिस अधिकारी न तो बहुत आक्रामक दिखते हैं और न ही बहुत नरम, जिससे वे नागरिकों के बीच भरोसे और सम्मान का प्रतीक बन जाते हैं। कंटेंट: बजरंग बुनकर*



**राहुल गांधी,** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष
@RahulGandhi
हमारी सरकार राज्य में निवेश को प्रोत्साहित करने और उद्योगों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश सरकार निवेशकों को सभी आवश्यक सहायता और सुविधाएँ प्रदान करने हेतु पूर्णतः संकल्पित है, जिससे राजस्थान में उनका व्यवसाय सफलतापूर्वक स्थापित हो सके व राजस्थान की विकास गति को नई ऊंचाइयों तक ले जाया जा सके।



**प्रियंका गांधी,** कांग्रेस महासचिव
@priyankagandhi
मध्य प्रदेश में सेना के अधिकारियों को बंधक बनाकर महिला से गैंगरेप एवं उत्तर प्रदेश में हाईवे पर एक महिला का निर्वस्त्र शव मिलने की घटनाएं दिल दहलाने वाली हैं। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर प्रधानमंत्री जी बड़ी-बड़ी बातें तो करते हैं लेकिन देश भर की महिलाएं अब भी अपनी सुरक्षा के लिए एक गंभीर प्रयास का इंतजार कर रही हैं। यह इंतजार आखिर कब खत्म होगा?

**कोलकाता रेप केस : प.बंगाल की मुख्यमंत्री ने लोगों से मांगी माफी, चिकित्सकों से काम पर लौटने की अपील**

# बातचीत को नहीं आए डॉक्टर, ममता ने की इस्तीफे की पेशकश

■ जूनियर डॉक्टर्स की मांग, सरकार से बातचीत की हो लाइव स्ट्रीमिंग



**एजेंसी** | कोलकाता

कोलकाता रेप-मर्डर केस के मामले में आंदोलन कर रहे जूनियर डॉक्टर और ममता बनर्जी की सरकार के बीच ठन गई है। न्याय की मांग पर जूनियर डॉक्टर हड़ताल और प्रदर्शन कर रहे हैं। राज्य की सीएम ममता बनर्जी ने हड़ताल समाप्त करने का आह्वान किया है। सरकार ने गुरुवार को आंदोलनरत जूनियर डॉक्टरों को नबान्न बातचीत के लिए आमंत्रित किया था, लेकिन दो घंटे 10 मिनट तक ममता बनर्जी के इंतजार करने के डॉक्टर्स बातचीत के लिए नहीं आए। इसके बाद सीएम ममता ने कहा कि वो मेरी कुर्सी चाहते हैं तो मैं इस्तीफा देने के लिए भी तैयार हूं। मुझे सत्ता की भूख नहीं है। ममता बनर्जी ने कहा कि बंगाल की जनता इंतजार कर रही थी, आज कम से कम इसका समाधान निकल जाएगा। उन्होंने कहा कि मैं उनसे माफी चाहती हूं कि हम डॉक्टरों को ड्यूटी पर वापस नहीं ला सके। सरकार की ओर से बातचीत के लिए बुलाने के बाद चिकित्सकों ने मीटिंग को लाइव दिखाने की मांग की थी। जिस पर ममता सरकार सहमत नहीं थी।

### ये बोलीं ममता बनर्जी

ममता बनर्जी ने कहा कि 27 लोगों की बिना चिकित्सा की मौत हो गई है। मेरा दिल सभी के लिए रो रहा है। डॉक्टर को हम भगवान मानते हैं। उन्होंने कहा कि दो घंटे इंतजार की, लेकिन नहीं आये। बुधवार को भी इंतजार किया था। मैं इसे अंहकार के रूप में नहीं देखती हूं। कई सीनियर्स डॉक्टर कष्ट के साथ ड्यूटी कर रहे हैं। ममता बनर्जी ने कहा कि मैं दो घंटे तक इंतजार किया। मैं कुछ नहीं कहूंगी और अपील करती हूं, डॉक्टर्स हड़ताल वापस लें। ममता बनर्जी ने कहा कि हम लोगों ने उच्च अधिकारियों के साथ तीन दिन तक इंतजार किया है। हम लोग न्याय चाहते हैं। हम लोग आम लोगों के ट्रीटमेंट के लिए न्याय चाहते हैं।

**लाइव स्ट्रीमिंग संभव नहीं**

डॉक्टर्स की मांग पर डीजी राजीव कुमार ने कहा, किसी भी औपचारिक बैठक या चर्चा को लाइव स्ट्रीम नहीं किया जा सकता है। मुख्य सचिव मनोज पंत ने भी लाइव स्ट्रीम करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार लोगों को जो बताना चाहती है, वही लाइव स्ट्रीमिंग की जाती है। चर्चा का सीधा प्रसारण संभव नहीं है।

### हम अपनी शर्तों से पीछे नहीं हटेंगे: चिकित्सक

हड़ताल में शामिल डॉक्टर्स अपनी शर्तों पर अड़े हुए हैं। हड़ताली डॉक्टर्स का कहना है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ बैठक का लाइव टेलीकास्ट होना चाहिए। उनका कहना है कि जब सुप्रीम कोर्ट की कार्रवाई का लाइव प्रसारण हो सकता है तो सीएम के साथ बैठक का लाइव टेलीकास्ट क्यों नहीं हो सकता? कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के डॉक्टर्स का कहना है कि हम अपनी शर्तों से पीछे नहीं हटेंगे।

### लालू यादव की मुंबई में हुई एंजियोप्लास्टी



**मुंबई**। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का इलाज मुंबई के एक अस्पताल में हो रहा है। लालू को दिल से जुड़ी समस्याओं की शिकायत के बाद मुंबई के अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूत्रों ने बताया कि हृदय रोग विशेषज्ञों ने लालू को एंजियोप्लास्टी कराने की सलाह दी। डॉक्टरों की सलाह के बाद गुरुवार को लालू की एंजियोप्लास्टी की गई। बता दें कि लालू सेहत से जुड़ी कई गंभीर चुनौतियों से जूझ रहे हैं। लालू इससे पहले सिंगापुर में किडनी प्रत्यारोपण करा चुके हैं। लालू के लिए किडनी उनकी बेटी ने दान की है। नाजुक सेहत को देखते हुए अदालत ने लालू को इलाज कराने की अनुमति दी है, जिसके आधार पर वे विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में अपना इलाज करा रहे हैं।

### MCD की स्टैंडिंग कमेटी की खाली सीट पर चुनाव

**नई दिल्ली**। दिल्ली नगर निगम की स्टैंडिंग कमेटी की 1 खाली सीट पर चुनाव की घोषणा हो गई है। यह वह सीट है जिसका चुनाव सीधा सदन से होगा। 19 सितंबर तक नामांकन होगा, 26 सितंबर को स्टैंडिंग कमेटी के मेंबर का चुनाव होगा। ये सीट अगर आम आदमी पार्टी जीत गई तो एमसीडी में स्टैंडिंग कमेटी का अध्यक्ष कौन होगा, इसका फैसला लकी ड्रॉ से होगा। अगर यह सीट बीजेपी जीत गई तो भाजपा को स्टैंडिंग कमेटी में बहुमत मिल जाएगा और स्टैंडिंग कमेटी का अध्यक्ष भाजपा से होगा। हालांकि सदन में बहुमत आम आदमी पार्टी का है इसलिए यह सीट आम आदमी पार्टी के खाते में जाने की प्रबल संभावना है।

**हरियाणा विधानसभा चुनाव की तस्वीर साफ, पांच अक्टूबर को मतदान**

# कांग्रेस और आप ने आखिरी वक्त तक जारी की अपनी सूचियां

■ भाजपा, आप के 90-90 प्रत्याशी मैदान में, कांग्रेस ने एक सीट माकपा को दी

■ नामांकन के अंतिम दिन उम्मीदवारों ने भरा पर्चा

■ कुमारी शैलजा का टिकट कटा, CM रेस से बाहर

**एजेंसी** | नई दिल्ली

हरियाणा में विधानसभा चुनाव की तस्वीर अब साफ हो गई है। राज्य में नामांकन दाखिल करने की प्रकिया गुरुवार दोपहर तीन बजे खत्म हो गई। राज्य में पहले चरण में 5 अक्टूबर को मतदान होगा जबकि उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला 8 अक्टूबर को मतदान होगा। नामांकन खत्म होने के साथ ही भाजपा, कांग्रेस, आप जैसे तमाम दलों के चेहरे भी तय हो गए हैं। कांग्रेस ने 90 में से 89 सीटों पर ही अपने उम्मीदवार उतारे हैं जबकि भिवानी सीट माकपा को दी गई है। वहीं भाजपा और आम आदमी पार्टी ने सभी 90 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। हरियाणा विधानसभा चुनाव में आप और कांग्रेस के गठबंधन पर भी बात नहीं बन पाई। राहुल गांधी की इच्छा के बाद भी दोनों दलों में सहमति नहीं बन पाई। इधर गुरुवार को नामंकन के अंतिम दिन प्रत्याशियों ने पर्चा भरा। कांग्रेस ने गुरुवार को सुबह बाकी बची सीटों पर प्रत्याशी उतारे। इससे में सबसे ज्यादा चर्चा कुमारी शैलजा की रही। कांग्रेस ने कुमारी शैलजा का टिकट काट दिया, जिसके बाद शैलजा सीएम फेस की रेस से बाहर हो गईं। वहीं आम आदमी पार्टी ने नामंकन समाप्ति से कुछ देर पहले अपनी अंतिम सूची जारी की।



### हरियाणा में चुनाव का कार्यक्रम

हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों के लिए एक चरण में मतदान होना है। चुनाव के लिए अधिसूचना 5 सितंबर को जारी हुई। नामांकन की आखिरी तारीख 12 सितंबर रही। उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तिथि 12 सितंबर है। वहीं, मतदान 5 अक्टूबर को होगा। नतीजे 8 अक्टूबर को घोषित किए जाएंगे।

**INLD और बसपा के साथ आई हलोपा**

हरियाणा विधानसभा चुनाव से पहले एक और गठबंधन देखने को मिला है। अब विधानसभा चुनाव से पहले आईएनएलडी-बसपा गठबंधन के साथ हलोपा ने भी हाथ मिला लिया है। अब तीनों पार्टी मिलकर हरियाणा में चुनाव लड़ेंगे। इनेलो प्रमुख अभय सिंह चौटाला हलोपा प्रमुख गोपाल कांडा से मिलकर गठबंधन पर मुहर लगाई है। गोपाल कांडा सिरसा विधानसभा सीट से प्रत्याशी होंगे। वहीं बाकी सीटों पर गोपाल कांडा की पार्टी आईएनएलडी और बसपा के उम्मीदवारों की मदद करेंगे। अभय चौटाला और गोपाल कांडा की तारा बाबा कुटिया में मुलाकात हुई थी। इस मुलाकात के बाद इस गठबंधन की घोषणा की गई।

### आम आदमी पार्टी की दो सूची जारी

आम आदमी पार्टी ने उम्मीदवारों की छठी और सातवीं सूची जारी कर दी है। पार्टी सभी 90 उम्मीदवारों की सूची जारी की। पार्टी ने कालका से वरिष्ठ नेता ओम प्रकाश गुर्जर, पंचकूला से प्रेम गर्ग को चुनावी मैदान में उतारा है। वहीं अंबाला सिटी से केतन शर्मा, मुलाना से गुरतेज सिंह, शाहाबाद से आशा पठानिया को उम्मीदवार बनाया गया है। पार्टी ने पिहोवा से गेहल सिंह संधू, गुहला से राकेश खानपुर, पानीपत सिटी से रीतू अरोड़ा, जींद से वजीर सिंह ढांडा को चुनावी मैदान में उतारा है। वहीं फतेहाबाद से कमल बिसला, ऐलनाबाद से मनीष अरोड़ा, नलवा से उमेश शर्मा, लोहारू से गीता श्योराण, बाढ़ड़ा से राकेश चंदवास, दादरी से पूर्व जीएम धनराज कुंडू, बवानी खेड़ा से धर्मबीर कुंगड़, कोसली से सीए हिम्मत यादव, फरीदाबाद एनआईटी से रवि डागर, बड़खल से ओपी वर्मा को उम्मीदवार बनाया गया है। जगाधरी से आदर्शपाल गुज्जर, नारनौंद से रणबीर सिंह लोहान और नूंह से राबिया किदवई को टिकट दिया गया है। पार्टी ने नारनौंद से उम्मीदवार बदल दिया है।

### कुमारी शैलजा पर भारी पड़े हुड्डा

कुमारी शैलजा को टिकट नहीं देने से ये माना जा रहा है कि कुमारी शैलजा पर अंतिम समय में हुड्डा भारी पड़े। शैलजा सीएम पद को लेकर अपनी दावेदारी कई बार पेश कर चुकी हैं और हुड्डा खेमा इसके लिए राजी नहीं था। कुमारी शैलजा उकलाना सीट से चुनाव लड़ना चाहती थीं। सिरसा से लोकसभा शैलजा ने चुनाव लड़ने को लेकर पिछले दिनों कहा था कि आलाकमान फैसला करेगा। मैंने केवल अपनी इच्छा जताई थी। कांग्रेस ने बुधवार रात को 40 और फिर गुरुवार को पांच उम्मीदवारों के नामों की दो सूचियां जारी कीं। कांग्रेस ने उकलाना से जहां नरेश सेलवाल को टिकट दिया है जो भूपेंद्र सिंह हुड्डा के समर्थक माने जाते हैं। वहीं पार्टी ने नारनौंद से जसबीर सिंह को उम्मीदवार बनाया है। वहीं इसके थोड़ी देर बाद आखिरी सूची आई। कांग्रेस ने अपनी आखिरी सूची में 2 उम्मीदवारों की घोषणा की है। कांग्रेस ने चरखी दादरी से देवेंद्र सिंह को तो सोहना से रोहताश खटाना को टिकट दिया है। इस तरह पार्टी ने कुल 89 सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की।

**माकपा महासचिव येचुरी के निधन पर जताया शोक**

## वामपंथ के प्रणेता थे सीताराम येचुरी: पीएम मोदी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

वरिष्ठ नेता और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के महासचिव सीताराम येचुरी का गुरुवार को निधन हो गया। उन्होंने 72 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली। परिवार ने उनके पार्थिव शरीर को शिक्षण और शोध उद्देश्यों के लिए एम्स, नई दिल्ली को दान कर दिया है । वहीं येचुरी के निधन के बाद राजनेताओ ने शोक व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, सीताराम येचुरी के निधन पर दुख हुआ। वे वामपंथ के प्रणेता थे। वे



राजनीतिक स्पेक्ट्रम से जुड़ने की अपनी क्षमता के लिए जाने जाते थे। उन्होंने एक प्रभावी सांसद के रूप में भी अपनी पहचान बनाई। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। ॐ शांति। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी सीताराम येचुरी के निधन पर शोक जताया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि वह देश की गहरी समझ रखने वाले और भारत के विचार के रक्षक थे। सीताराम येचुरी एक मित्र थे। मैं हमारे बीच होने वाली लंबी चर्चाओं को याद करूंगा।

**महाराष्ट्र : राज्यमंत्री आत्रम की बेटी शरद पवार की एनसीपी में शामिल**

# पिता के खिलाफ चुनाव लड़ सकती हैं भाग्यश्री!



**एजेंसी** | मुंबई

महाराष्ट्र के राज्यमंत्री धर्मराव बाबा आत्रम की बेटी भाग्यश्री ने गुरुवार को शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी की सदस्यता ली। माना जा रहा है कि वह अपने पिता के खिलाफ विधानसभा चुनाव में एनसीपी (शरद) से चुनाव लड़ सकती हैं। एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल और नेता अनिल देशमुख ने उनको गढ़ चिरौली के अहेरी में हुए कार्यक्रम में पार्टी की सदस्यता दिलाई। बीते शुक्रवार को एनसीपी (अजित) के प्रमुख अजित पवार ने गढ़ चिरौली में एक कार्यक्रम के दौरान राज्यमंत्री आत्रम की बेटी भाग्य श्री को एनसीपी (शरद) में शामिल होने से रोकने की कोशिश की थी। उन्होंने रैली में कहा था कि बेटी को उसके पिता से ज्यादा कोई प्यार नहीं करता। बेलगाम में शादी करके उसे देने के बावजूद, वह (आत्रम) गढ़चिरौली में उसके साथ खड़ा रहा और उसे जिला परिषद का अध्यक्ष बनाया। अब आप (भाग्यश्री) अपने ही पिता के खिलाफ लड़ने के लिए तैयार हैं। क्या यह सही है? अजित पवार ने कहा, आपको अपने पिता का समर्थन करना चाहिए और उन्हें जीतने में मदद करनी चाहिए। मगर भाग्यश्री ने एनसीपी (शरद) की सदस्यता ले ली। भाग्यश्री ने कहा कि जब 1991 में उनके पिता का नक्सलियों ने अपहरण कर लिया था, तो वह शरद पवार ही थे जिन्होंने उनकी सुरक्षित वापसी कराई थी। यह आभार व्यक्त करने का मेरा तरीका है।

## एमवीए में सीटों को लेकर फंसा पेच

**मुंबई**। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव को लेकर विपक्षी महाविकास अघाड़ी में सीट बंटवारे में पेंच फंस गया है। मुंबई की 36 विधानसभा सीटों में से उद्धव ठाकरे की पार्टी 21 सीटों पर लड़ना चाहती है। उद्धव गुट ने 21 सीटों पर तैयारी शुरू कर दी है। वहीं शरद पवार सात सीटें चाहते हैं। ऐसे में कांग्रेस के हिस्से सिर्फ आठ सीटें रह रही हैं, जिससे पार्टी नाराज है। सूत्रों के मुताबिक, मुंबई की अंधेरी वेस्ट, वर्सोवा, कुर्ला, अणुशक्ति नगर, दहिसर, घाटकोपर ईस्ट और घाटकोपर वेस्ट सीट शरद पवार ने मांगी है। बता दें कि महाराष्ट्र में इसी साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। ऐसे में सभी पार्टियां अपनी-अपनी रणनीति बनाने में जुटी है। महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी में भले ही सीट शेयरिंग और सीएम चेहरे को लेकर अंदरुनी मतभेद हो लेकिन गठबंधन के नेता लगातार आगामी विधानसभा चुनाव में सरकार बनाने का दावा करते नजर आ रहे हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बालासाहेब थोराट ने कहा, एमवीए में 125 सीट पर आम सहमति बन गई है और बाकी सीट को लेकर बातचीत जारी है। महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी में कांग्रेस, उद्धव ठाकरे की पार्टी शिवसेना (यूबीटी) और शरद पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी (SP) शामिल हैं।

**विपक्ष के नेताओं ने मुलाकात पर उठाए सवाल**

# पीएम के चीफ जस्टिस के घर गणपति पूजा में पहुंचने पर बिफरा विपक्ष

### भाजपा बोली- गणपति ऐसे लोगों को दे सद्‌बुद्धि

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ के घर गणेश पूजा की, जिसे लेकर अब सियासत तेज हो गई है। विपक्ष के नेताओं ने इस मुलाकात की आलोचना की है, जिसमें से एक ने कहा कि इससे "अलग संदेश' जाता है। इस पर बीजेपी ने पलटवार करते हुए कहा है कि गणेश पूजा में शामिल होना कोई अपराध नहीं है और कई मौकों पर न्यायाधीश और राजनेता एक मंच पर साथ-साथ बैठते हैं। बीजेपी नेता कृपाशंकर सिंह ने गणेश दर्शन को मुद्दा बनाने को मूर्खतापूर्ण बयान करार दिया और गणपति बप्पा से ऐसे लोगों को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना भी की। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को गणेश पूजा के लिए चीफ जस्टिस के दिल्ली स्थित घर पर गए थे, जहां उन्होंने और उनकी पत्नी कल्पना दास ने पीएम मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए तस्वीर शेयर की, जिसमें वह चीफ जस्टिस और उनकी पत्नी गणेश पूजा करते हुए नजर आ रहे हैं।



### विवाद के बाद CJAR का बयान

इस मामले पर सीजेएआर (कैंपेन फॉर जुडिशियल अकाउंटेबिलिटी ऐंड रिफॉर्म्स) ने बयान जारी किया है। इसमें कहा है कि न्यायपालिका पर संविधान की रक्षा करने और बिना किसी भय या पक्षपात के न्याय करने की जिम्मेदारी रखती है। इसलिए न्यायपालिका को कार्यकारी शाखा से पूरी तरह स्वतंत्र माना जाना चाहिए।

### संदेह पैदा करती हैं ऐसी मुलाकातें: संजय



शिवसेना नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा कि इस तरह की मुलाकातें संदेह पैदा करती हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि भारत के मुख्य न्यायाधीश को शिवसेना यूबीटी और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के बीच झगड़े से जुड़े मामले से खुद को अलग कर लेना चाहिए। संजय राउत ने कहा कि गणपति उत्सव है। प्रनमंत्री अब तक कितने लोगों के घर में गए मेरे पास इसकी जानकारी तो नहीं है। दिल्ली में बहुत जगह पर गणेश उत्सव है। दिल्ली में महाराष्ट्र सदन में भी है होता है,लेकिन चीफ जस्टिस साहब के पास प्रधानमंत्री गए और उन दोनों ने एक साथ मिलकर बप्पा की आरती की। संविधान के रखवाले इस प्रकार से राजनीतिक नेताओं से मिलते हैं...तो लोगों के मन में शंका होती है।

### निजी आयोजन का प्रचार नहीं करना चाहिए: कपिल सिब्बल



इस विवाद पर कांग्रेस नेता और वकील कपिल सिब्बल ने भी रिएक्शन दिया है। उन्होंने कहा है कि सर्वोच्च पदों पर बैठे लोगों को किसी निजी आयोजन का प्रचार नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी को खुद को ऐसी परिस्थिति में नहीं डालना चाहिए, जिसकी वजह से लोग किसी संस्था पर सवाल उठाएं। मुझे यकीन है कि शायद सीजेआई को पता नहीं होगा कि इसे प्रचारित किया जा रहा है, पीएम को ऐसे निजी कार्यक्रम में जाने में कभी दिलचस्पी नहीं दिखानी चाहिए थी। अगर इसके बारे में गपशप हो रही है, तो यह संस्था के लिए उचित नहीं है।

## जरूरी खबर

### सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद बहाली नहीं

**नई दिल्ली।** पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के एक न्यायिक पदाधिकारी को अफेयर होने के आधार पर सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने संज्ञान लिया और न्यायिक अधिकारी को पद पर दोबारा बहाल करने का निर्देश दिया। हालांकि, शीर्ष अदालत के आदेश के बावजूद उसकी सेवाओं को बहाल नहीं किया गया। अदालत ने हाईकोर्ट के ऐसे रवैये को निराशाजनक करार दिया। शीर्ष अदालत में न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और जस्टिस पीबी वराले की खंडपीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत 20 अप्रैल, 2022 को उच्च न्यायालय के आदेश को निरस्त कर चुकी है। 25 अक्टूबर, 2018 को आदेश पारित हाईकोर्ट ने पुरुष न्यायिक अधिकारी को राहत देने से इन्कार कर दिया था। पदाधिकारी को न्यायिक सेवा में ही कार्यरत किसी महिला से अफेयर रखने के आरोप में सेवा से बर्खास्त कर दिया था।

### बब्बर खालसा ने ली ब्लास्ट की जिम्मेदारी



**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के सेक्टर-10 स्थित 575 निवासी रिटायर्ड प्रिंसिपल की कोठी पर बुधवार शाम हुए हैंड ग्रेनेड बम ब्लास्ट की जिम्मेदारी आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) ग्रुप ने ली है। उन्होंने एक पोस्टर जारी करते हुए कहा कि 1986 में पंजाब के नकोदर में मारे गए सिख शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए एसपी जसकीरत सिंह चहल व उसके गनमैन को मार दिया गया है। बीकेआई की तरफ से जारी यह पोस्टर सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल इस कोठी पर जसकीरत चहल की समझकर यह हमला किया गया था। क्योंकि आतंकी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल ग्रुप की तरफ से यही समझकर कोठी पर हैंड ग्रेनेड फेंका गया था कि इस कोठी में पूर्व एसपी जसकीरत चहल परिवार के साथ रहते हैं।

### तीन बच्चों समेत मां का शव कुएं से बरामद

**रांची।** झारखंड के लोहरदगा में एक महिला और उसके तीन मासूम बच्चों की मौत का मामला सामने आया है। रिपोर्ट के मुताबिक 26 साल की महिला तीन बच्चों की मां थी। पुलिस ने कुएं से महिला, उसके सात वर्षीय बच्चे और पांच साल से कम आयु के दो बच्चों के शव बरामद किए। मृतका की पहचान उषा मुंडा के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों शवों को बाहर निकालकर मोर्चरी में रखवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे जाएंगे।

## पेरिस पैरालंपिक : इतिहास रचने वाले पैरा एथलीट्स को पीएम ने दी शाबाशी



*नई दिल्ली। पेरिस पैरालंपिक खेलों में इतिहास रचने के बाद आज भारतीय दल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पीएम मोदी पैरा एथलीट्स से हंसी मजाक करते नजर आए। उन्होंने इतिहास रचने वाले एथलीट्स और उनके कोच की जमकर तारीफ की। इस दौरान पीएम मोदी के साथ खेल मंत्री मनसुख मांडविया और भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया भी नजर आए। जूडो में पैरालंपिक पदक जीतकर इतिहास रचने वाले कपिल परमार ने पीएम मोदी को एक मोमेंटो गिफ्ट किया। पीएम मोदी ने फिर कपिल को ऑटोग्राफ भी दिया। वहीं, अवनि लेखरा ने पीएम मोदी को स्वर्ण पदक वाले ग्लव्स और एक जर्सी गिफ्ट की, जिसमें पीएम मोदी को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद लिखा था। पीएम मोदी ने अवनि के सिर पर हाथ रखकर उन्हें आशीर्वाद दिया। देश लौटने के बाद से पैरालिंपियनों को सरकार द्वारा सम्मानित किया गया। खेल मंत्री मांडविया ने स्वर्ण पदक विजेताओं को 75 लाख रुपए, रजत विजेताओं को 50 लाख रुपए और खेलों में कांस्य पदक जीतने वाले एथलीटों को 30 लाख रुपए दिए हैं। मिश्रित टीम स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को 22.5 लाख रुपए देकर सम्मानित किया गया।*

## जादू-टोना के शक में 4 लोगों की हत्या



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बलोदाबाजार जिले में गुरुवार को एक बड़ी वारदात हुई। कसडोल थाना क्षेत्र में जादू-टोना के शक में एक ही परिवार के चार लोगों को मौत के घाट उतार दिया गया। हत्या की वारदात को किसी और नहीं बल्कि पड़ोसी ने ही अंजाम दिया। जानकारी मिलते ही इलाके में दहशत फैल गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने तीन आरोपियों को हिरासत में ले लिया और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया. पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। हत्या की इस वारदात को कसडोल थाना क्षेत्र के छरछेद गांव में अंजाम दिया गया। पुलिस के मुताबिक, गुरुवार शाम को छरछेद गांव निवासी एक परिवार के चार लोगों की हत्या कर दी गई। मृतकों में दो बहन, भाई और एक छह महीने का बच्चा था।

### केंद्र सरकार ने जारी किए महंगाई के आंकड़े

# अगस्त में 3.65% रही खुदरा महंगाई दर, मुद्रास्फीति में मामूली बढ़ोतरी

## जुलाई 2024 के मुकाबले खुदरा महंगाई दर में 0.05 प्रतिशत की बढ़ोतरी

- सब्जियों की कीमतों में तेजी देखने को मिली

**एजेंसी** | नई दिल्ली

सरकारी आंकड़ों के अनुसार अगस्त में खुदरा मुद्रास्फीति मामूली रूप से बढ़कर 3.65 प्रतिशत हो गई और यह रिजर्व बैंक के 4 प्रतिशत के लक्ष्य के भीतर रही। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई 2024 में 3.6 प्रतिशत और अगस्त 2023 में 6.83 प्रतिशत थी। हालांकि, जुलाई 2024 के मुकाबले खुदरा महंगाई दर में 0.05 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। जुलाई 2024 में खुदरा महंगाई दर 3.60 फीसदी थी।



अर्थशास्त्रियों के मुताबिक, अगस्त में भारत की खुदरा मुद्रास्फीति अपेक्षाओं से थोड़ी ज्यादा रही क्योंकि इस दौरान सब्जियों की कीमतों में तेजी देखने को मिली। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, अगस्त में खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति 5.66 प्रतिशत रही, जो जुलाई में 5.42 प्रतिशत थी। जुलाई में भी मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत से नीचे थी। सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक को यह सुनिश्चित करने का काम सौंपा है कि सीपीआई मुद्रास्फीति 2 प्रतिशत के मार्जिन के साथ 4 प्रतिशत पर बनी रहे। अर्थशास्त्रियों ने अगस्त में खुदरा महंगाई दर 3.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था। बताते चलें कि भारत की प्रमुख खुदरा महंगाई दर इस साल जुलाई में करीब 5 सालों के लंबे अंतराल के बाद भारतीय रिजर्व बैंक के 4 प्रतिशत के लक्ष्य से नीचे पहुंच गया था, ये लगातार दूसरा महीना रहा जब भारत की खुदरा महंगाई दर 4 प्रतिशत से नीचे रही।

### अगस्त में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा महंगाई दर जुलाई, 2024 में 3.6 प्रतिशत थी जबकि बीते साल अगस्त में ये 6.83 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के आंकड़ों के मुताबिक, खाद्य वस्तुओं की महंगाई अगस्त महीने में मामूली बढ़कर 5.66 प्रतिशत रही जो जुलाई में 5.42 प्रतिशत थी। केंद्र सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक को खुदरा महंगाई दर 2 प्रतिशत घट-बढ़ के साथ 4 प्रतिशत पर रखने की जिम्मेदारी दी हुई है।

### जुलाई में औद्योगिक उत्पादन में गिरावट


इसके अलावा, सरकारी आंकड़ों से ये भी मालूम चला कि इस साल जुलाई में देश के औद्योगिक उत्पादन में 4.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई, जबकि एक साल पहले इसी महीने में यानी जुलाई 2023 में भारत के औद्योगिक उत्पादन में 6.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी। इस साल जुलाई में खनन और विनिर्माण क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन की वजह से औद्योगिक उत्पादन में ये गिरावट दर्ज की गई है।

### स्पेस एक्स का पोलैरिस डॉन मिशन

## अंतरिक्ष में इंसान की चहलकदमी, रचा इतिहास

- अपोलो मिशन पूरा होने के 50 साल बाद हुआ ये काम

**एजेंसी** | नई दिल्ली



अमेरिकी बिजनेस टाइकून एलन मस्क की स्पेस-टेक कंपनी स्पेसएक्स ने पोलारिस डॉन मिशन 10 सितंबर को लॉन्च किया था। गुरुवार को स्पेस एक्स के इस मिशन ने नया रिकॉर्ड बनाया। पहली बार पृथ्वी से 737 किलोमीटर ऊपर स्पेस में आम नागरिकों ने वॉक किया। नए एडवांस प्रेशराइज्ड सूट में मिशन कमांडर जारेड आइसैकमैन ने पहले स्पेसवॉक की। स्पेसवॉक के वीडियो पर एलन मस्क ने भी कमेंट किया है। उन्होंने पूरी टीम को बधाई दी है। पोलैरिस डॉन मिशन में चार लोग अंतरिक्ष में ड्रैगन क्रू कैप्सूल में गए हैं। इन यात्रियों के नाम हैं- कमांडर जारेड आइसैकमैन, पायलट स्कॉट "किड' पोटीट, मिशन स्पेशलिस्ट साराह गिलिस और अन्ना मेनन। आइसैकमैन आंत्रप्रन्योर रईस हैं। वो इस मिशन की फंडिंग भी कर रहे हैं। पोटीट अमेरिकी वायुसेना के पूर्व लेफ्टिनेंट कर्नल हैं। गिलिस और मेनन दोनों ही स्पेसएक्स के इंजीनियर्स हैं। आइसैकमैन और गिलिस ने पहली बार निजी स्पेसवॉक किया। इस समय ड्रैगन कैप्सूल की ऊंचाई करीब 737 किलोमीटर थी। अपोलो काल के बाद अब तक का यह सबसे ऊंचा क्रू मिशन है। इसलिए क्योंकि यह मिशन 1400 किलोमीटर की ऊंचाई तक गया। पोटीट, गिलिस और मेनन पहली बार अंतरिक्ष में गए हैं। आइसैकमैन साल 2021 के सितंबर में हुई इंस्पीरेशन 4 मिशन में अंतरिक्ष में गए थे।

## केंद्र में 33 आईएएस, 45 आईपीएस का तबादला

**एजेंसी** | नई दिल्ली

केंद्र सरकार की तरफ से बड़े पैमाने पर आईएएस और आईपीएस अधिकारियों का ट्रांसफर किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से आईएएस/आईपीएस अधिकारियों के ट्रांसफर का लेटर जारी किया गया है।

12 सितंबर को जारी इस पत्र में लिखा गया है कि सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से निम्नलिखित एजीएमयूटी कैडर के आईएसएस/आईपीएस का तत्काल प्रभाव से ट्रांसफर/पोस्टिंग की जाती है। भारत सरकार के अवर सचिव राकेश कुमार सिंह के हस्ताक्षर से जारी पत्र में संबंधित आईएसएस और आईपीएस अधिकारियों की लिस्ट दी गई है।

खास बात है कि पत्र में साफ किया गया है कि जम्मू और कश्मीर से जुड़े अधिकारियों आवाजाही यहां चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही होगी। 33 आईएएस अधिकारियों में से 11 आईएएस अधिकारी ऐसे हैं जो दिल्ली में तैनात हैं। इन्हें अरुणाचल, मिजोरम, लद्दाख, गोवा, अंडमान और निकोबार, दादर और नगर हवेली भेजा जा रहा है।

### एनएसए अजीत डोभाल ने की रूसी राष्ट्रपति से मुलाकात

## पुतिन ने मोदी को ब्रिक्स समिट के लिए दिया न्योता

**एजेंसी** | नई दिल्ली

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सेंट पीटर्सबर्ग के कोंस्टैंटिनोव्स्की पैलेस में भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ मीटिंग की। बातचीत के दौरान पुतिन ने भारत और रूस के बीच रणनीतिक साझेदारी के विकास पर चर्चा की। साथ ही द्विपक्षीय संबंधों में सुरक्षा मुद्दों के महत्व पर जोर दिया। पुतिन ने इस क्षेत्र में संवाद बनाए रखने के लिए भारत का धन्यवाद दिया। बता दें कि यूक्रेन विवाद का समाधान खोजने के लिए नए सिरे से किए जा रहे प्रयासों के बीच अजीत डोभाल ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। ये मुलाकात ब्रिक्स (ब्राजील-रूस-भारत-चीन-साउथ



अफ्रीका) देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के सम्मेलन के दौरान हुई। इस दौरान पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अगले महीने रूस के कजान में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए रूस आने का न्योता दिया। इसके साथ ही रूसी राष्ट्रपति ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान 22 अक्टूबर को पीएम मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक का भी प्रस्ताव रखा। रूसी मीडिया ने पुतिन के हवाले से कहा कि हम अपने अच्छे दोस्त पीएम मोदी का इंतजार कर रहे हैं और उन्हें शुभकामनाएं। इससे पहले अजीत डोभाल ने अपने रूसी समकक्ष सर्गेई शोइगु के साथ व्यापक बातचीत की और पारस्परिक हितों के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। डोभाल और शोइगु के बीच बातचीत पर रूस में भारतीय दूतावास ने कहा कि दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय सहयोग में प्रगति की समीक्षा की और आपसी हितों के महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।

### भारत-चीन के रिश्तों पर बोले विदेश मंत्री जयशंकर

# चीन के साथ 75% समस्याओं का समाधान, बातचीत जारी

- स्विट्जरलैंड के जेनेवा में दिया साक्षात्कार

**एजेंसी** | नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने पूर्वी लद्दाख में सीमा विवाद पर कहा कि चीन के साथ समस्याओं में से लगभग 75 प्रतिशत का समाधान हो गया है, लेकिन बड़ा मुद्दा सीमा पर सैन्यीकरण का बढ़ना है। स्विट्जरलैंड की राजधानी जेनेवा शहर में एक संवादात्मक सत्र में, जयशंकर ने कहा कि जून 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़पों ने भारत-चीन संबंधों को प्रभावित किया है, उन्होंने जोर देकर कहा कि सीमा पर हिंसा होने के बाद यह नहीं



कहा जा सकता कि बाकी संबंध इससे अछूते हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि समस्या का समाधान खोजने के लिए दोनों पक्षों के बीच बातचीत चल रही है। जिनेवा सेंटर फॉर सिक्योरिटी पॉलिसी में उन्होंने कहा, कि अब बातचीत चल रही हैं, हमने कुछ प्रगति की है। मैं मोटे तौर पर कह सकता हूं कि लगभग 75 प्रतिशत समस्याएं सुलझ गई हैं। वहीं एक सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा, हमें अभी भी कुछ काम करने हैं। लेकिन एक बड़ा मुद्दा यह है कि हम दोनों ने अपनी सेनाओं को एक दूसरे के करीब ला दिया है और इस लिहाज से सीमा पर सैन्यीकरण हो रहा है। बता दें कि डॉक्टर जयशंकर के 12 और 13 सितंबर को जिनेवा में कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। यहां उनकी कई अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रमुखों और प्रतिनिधियों के साथ बैठक होनी है। वे स्विटजरलैंड के विदेश मंत्री के साथ भी बैठक करेंगे।

### शांति और सौहार्द की वापसी

विदेश मंत्री ने संकेत दिया कि अगर विवाद का समाधान हो जाता है तो रिश्ते बेहतर हो सकते हैं। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि अगर कोई समाधान निकलता है, शांति और सौहार्द की वापसी होती है, तो हम अन्य संभावनाओं पर विचार कर सकते हैं। भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच पूर्वी लद्दाख में कुछ टकराव वाले बिंदुओं पर गतिरोध बना हुआ है, जबकि दोनों पक्षों ने व्यापक कूटनीतिक और सैन्य वार्ता के बाद कई क्षेत्रों से वापसी की प्रक्रिया पूरी कर ली है।

### बीजिंग के साथ व्यापार बराबरी के स्तर पर नहीं

चीन से आर्थिक संबंधों पर भी विदेश मंत्री जयशंकर ने बात की। उन्होंने भारत के चीन के साथ व्यापार घाटे की ओर इशारा करते हुए कहा कि बीजिंग के साथ व्यापार बराबरी के स्तर पर नहीं है। जयशंकर ने इस दौरान अगली क्वाड बैठक को लेकर बयान दिया। उन्होंने कहा कि हम अमेरिका में अगला क्वाड शिखर सम्मेलन करेंगे। क्वाड शिखर सम्मेलन के अमेरिका में होने की पुष्टि जयशंकर ने की है। सम्मेलन बाइडन के गृह राज्य डेलावेयर में होगा। जब उनसे पूछा गया कि ब्रिक्स क्यों और क्या इसका विस्तार होगा, तो उन्होंने कहा, जी7 नामक एक और क्लब था और आप किसी और को इस क्लब में घुसने नहीं देंगे। इसलिए हमने अपना क्लब बनाया, जैसे ही इसकी शुरुआत हुई, समय के साथ इसने अपना अस्तित्व हासिल कर लिया।

### वक्फ संशोधन बिल का विरोध

## एनडीए शासित राज्यों में सभाएं करने का फैसला

**एजेंसी** | नई दिल्ली

वक्फ (संशोधन) विधेयक को लेकर मुस्लिम संगठनों की बैठक में फैसला लिया गया है। इसके तहत मुस्लिम संगठन एनडीए शासित राज्यों में वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ बड़ी जनसभाएं करने का फैसला किया है। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी की पहल पर मुस्लिम संगठनों ने वक्फ संशोधन विधायक के विरोध में दिल्ली, बिहार और आंध्र प्रदेश के बड़ी सभाएं करेंगे। जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी के निमंत्रण पर मुस्लिम संगठनों की ये बड़ी बैठक बुलाई गई थी। जहां मुस्लिम संगठनों ने एक सुर में कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं है। सभा में उपस्थित सभी लोगों ने सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया। बैठक में समाजवादी पार्टी के रामपुर से सांसद मोहिबुल्लाह नदवी भी शामिल हुए थे। वक्फ (संशोधन) विधेयक को लेकर मुस्लिम संगठन राजनीतिक दबाव बनाने के लिए एनडीए सरकार के सहयोगी दल जेडीयू और टीडीपी से संपर्क करेगी। साथ ही विधेयक के खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी, बिहार और आंध्र प्रदेश में जनसभाएं करने का फैसला किया गया है।

### स्टार्टअप समिट व एक्सपो में युवाओं से रू-ब-रू हुए देश-दुनिया के विशेषज्ञ

# हार्डवर्क का कोई विकल्प नहीं होता लेकिन स्मार्ट वर्क करना भी जरूरी

बेधड़क | जयपुर

'चाय के पीछे सिर्फ चाय नहीं है, बल्कि एम्प्लॉयमेंट जनरेट करना बड़ा काम है; जो हमारा स्टार्टअप कर रहा है। पूरे देश में सभी स्टोर्स पर एक दिन में करीब 4 लाख कुल्हड़ काम में लिए जा रहे हैं। इंसान चाय पीते-पीते देश की माटी को चूम रहा है, यही हमारा मुख्य स्लोगन भी है। यह कहना था अभिनव दुबे का। वे आरआईसी में स्टार्टअप समिट व एक्सपो में युवाओं से रूबरू हो रहे थे।

डिपार्टमेंट ऑफ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी एंड कम्युनिकेशन के आई स्टार्ट और द एसोसिएशन चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया (एसोचैम) की ओर से हुए आयोजन में अभिनव दुबे ने आगे कहा कि जब सुब कुछ सही चल रहा था, उसी वक्त उनके पार्टनर ने कोई और कंपनी जॉइन कर ली। कोविड में सैलरी देने की समस्या आ गई और उसी वक्त टाइप वन डायबिटीज की समस्या सामने आई। आज मैं इंसुलिन लगाता हूं, लेकिन बीमारी को कभी कमजोरी नहीं बनने देता। वहीं, अभिषेक पाटोदिया ने अनुभव के साथ बातचीत की। हैकर व यूट्यूबर दिलराज सिंह, गौरव गोयल, सुहानी कुमार और चित्रा गुरनानी डागा के सैशन हुए।



### सोशल मीडिया का करें सही इस्तेमाल

'सोशल मीडिया एंड इट्स इनफ्लुएंस' सैशन में मिस्टर इंडियन हैकर व यूट्यूबर दिलराज सिंह ने कहा कि यूट्यूब या सोशल मीडिया पर हिट होने का एक ही तरीका है कि आपके कंटेंट में दम होना चाहिए। इसके लिए आपको मार्केट की प्रोपर रिसर्च करनी होगी। असफलता से नहीं घबराना। मेरे शुरुआती वीडियो में 4 साल में मात्र 400 लाइक्स थे और आज 4 करोड़ लाइक्स हैं। अच्छे विषयों पर कंटेंट बनाने में टाइम लगता है। वैसे तो हार्डवर्क को काई विकल्प नहीं है, लेकिन स्मार्ट वर्क भी उतना ही जरूरी है।




### जल्द लॉन्च होगा वन स्टॉप डिजिटल प्लेटफॉर्म

स्टार्टअप इंडिया की प्रतिनिधि सुहानी कुमार ने स्टार्टअप इंडिया की सेक्टर बेस्ड फंडिंग स्कीम्स, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, नेशनल स्टार्टअप अवॉर्ड और स्टार्टअप इंडिया वर्कशॉप्स की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्टार्टअप ईकोसिस्टम के जिए जल्द ही वन स्टॉप डिजिटल प्लेटफॉर्म 'भास्कर' लॉन्च किया जाएगा। इसके जरिए देशभर के स्टार्टअप, इन्क्यूबेटर और इन्वेस्टर आपस में कनेक्ट हो सकेंगे।

### टियर 2 शहरों के स्टार्टअप की सफलता ज्यादा चांस

ग्रोइंग स्टार्टअप इकोसिस्टम इन टियर 2 एंड 3 सिटीज विषय पर टॉपरैंकर्स फाउंडर व सीईओ गौरव गोयल ने बताया कि बीए, इंजीनियरिंग, लॉ, एमबीए और मेडिकल से हटकर कई स्किल्ड कॅरियर ऑप्शन होते हैं। हर साल करीब 1.80 करोड़ स्टूडेंट 12वीं पास करते हैं और 70 से 80 लाख युवा ड्रॉपआउट कर या तो बिजनेस में चले जाते हैं या फिर पढ़ाई छोड़ देते हैं।

### जोखिम से न डरकर रिस्क लेना सीखें

'वुमन्स लीडिंग द रेस' सेशन में थ्रिलोफोलिया की फाउंडर चित्रा गुरनानी डागा और कुकक्लीन की फाउंडर व न्यूट्रिशनिस्ट कीर्ति यादव ने चर्चा की। एनडीटीवी की हर्षा कुमारी सिंह ने इनसे बातचीत की। चित्रा गुरनानी डागा ने बताया कि थ्रिलोफिलिया टूर्स की शुरुआत काफी शोध, चर्चा और ट्रेवल्स एक्सपर्ट्स की एक कोर टीम बनाने के बाद हुई थी। मैं भी यात्रा की शौकीन थी और मेरे पति ने इसमें पूरा सहयोग दिया। शुरुआत में मेरे सामने कई चुनौतियां थीं, लेकिन रिस्क लिया। उन्होंने युवाओं को सलाह दी कि किसी काम को शुरू करने पर इस बात से ना डरें कि इसमें जोखिम है, रिस्क लेना सीखें। हमने कोविड के दौर में भी अपने लिए संभावनाएं तलाशी और उसमें सफल हुए। कीर्ति यादव ने कहा कि अपनी बेटी के जन्म के दो साल बाद तक मैं स्वास्थ्य समस्याओं से जूझती रही। थोड़ा रिसर्च किया तो समझ में आया कि यह सब खानपान के चलते है। खानपान बदला तो सेहत में सुधार आया। यहीं से मेरे काम की शुरुआत हुई। स्टार्टअप में आपको खुद चुनना होगा की आपको क्या करना है।

### चतुर्वेदी समाज का महाकुंभ आज

## समाज की प्रतिभाओं का किया जाएगा सम्मान



**बेधड़क. जयपुर।** श्रीमाथुर चतुर्वेदी समाज का महाकुंभ 13-14 सितंबर को होगा। टोंक रोड स्थित पिंजरापोल गौशाला स्थित सुरभि सदन में पहले दिन श्रीमाथुर चतुर्वेदी महापरिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की मीटिंग होगी। दूसरे दिन राजस्थान महापरिषद का प्रान्तीय अधिवेशन होगा। वहां समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। महापरिषद प्रदेशाध्यक्ष हृदयेश चतुर्वेदी और महामंत्री पीयूषपाणि चतुर्वेदी ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यकारिणी मीटिंग और राजस्थान महापरिषद के प्रान्तीय अधिवेशन के लिए प्रदेश और देश के कोने-कोने से स्वजातीय बांधव जयपुर आएंगे।

### लेखन कार्यशाला 23 से

**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान सिन्धी अकादमी की ओर से सिन्धी भाषा, साहित्य, कला व संस्कृति के संरक्षण व संवर्द्धन तथा युवा पीढ़ी को सिन्धी भाषा में कहानी और कविता लेखन के साथ गजल लेखन तकनीक से रूबरू कराया जाएगा। इसके लिए तीन दिवसीय कहानी व कविता लेखन-प्रशिक्षण कार्यशाला झालाना संस्थानिक क्षेत्र स्थित अकादमी संकुल में 23 से 25 सितंबर तक होगी। अकादमी सचिव योगेन्द्र गुरनानी ने बताया कि कार्यशाला में सिन्धी भाषा के वरिष्ठ विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण (व्याख्यान) दिया जाएगा।

### सत्य धर्म का पालन समझाया



**बेधड़क. जयपुर।** जनकपुरी ज्योतिनगर जैन मंदिर में गुरुवार को दस लक्षण महापर्व महोत्सव में सत्य धर्म की पूजा हुई। सुबह विधान मण्डल पाण्डुशिला पर शान्तिधारा पदम पारस आदित जैन बिलाला परिवार व पवन महेंद्र संजय कासलीवाल परिवार ने की तथा वेदी पर डॉ. इंद्र कुमार जैन रहे। नित्य पूजन व सत्य धर्म विधान पूजन शिखर चन्द किरण जैन द्वारा साज बाज के साथ कराते हुए कठोर वचन पर निंदा और झूठ को त्याग कर सत्य धर्म पालन करने के बारे में समझाया गया। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि दिन में तत्वार्थ सूत्र की क्लास में 5वें अध्याय में अजीव तत्व के बारे में स्वाध्याय प्रेमियों ने अध्ययन किया।

## City इवेंट्स

### विसर्जन उत्सव में गणपति को रिझाया



**बेधड़क. जयपुर।** नारायणी दादी सेवा संघ की संस्थापिका अरुणा दीदी के सानिध्य में मालवीय नगर में गणपति महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम संयोजक प्रशांत गुप्ता ने बताया कि मालवीय नगर स्थित खंडेलवाल वैश्य भवन में आयोजित कार्यक्रम में गणेश की पूजा अर्चना की गई। साथ ही भजन गायकों ने भजनों से भगवान को रिझाया। अंत में गणेशजी का विसर्जन किया और भक्तों ने प्रसादी पाई।

### सुगंध दशमी पर सजेगी झांकियां

**बेधड़क, जयपुर।** सुगंध दशमी पर शुक्रवार को शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में जैन दर्शन व जैन तीर्थंकरों के जीवन चरित्र पर आधारित झांकियां सजाई जाएंगी। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर की टीमों द्वारा सभी झांकियों का अवलोकन कर संभागवार व जिला स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा। राजस्थान जैन युवा महासभा प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन व प्रदेश महामंत्री विनोद जैन ने बताया कि मंदिरों में अष्ट कर्म के नाश करने के लिए अग्नि पर धूप खेई जाएगी। शहर के 20 से अधिक दिगम्बर जैन मंदिरों में झांकियां सजाई जाएंगी।

### 27 प्रतिभाओं का किया सम्मान




**बेधड़क, जयपुर।** गुलाबी नगरी में जोधपुर, अजमेर श्रीगंगानगर के 300 से अधिक युवा एक मंच पर आए और गेट टुगेदर करते हुए आगामी चुनौतियों पर चर्चा की। वहीं, विशेषज्ञों ने इंटरेक्ट करते हुए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की बात कही। मौका था अनूठे आयोजन 'जेके शिखर' का, जिसमें राजस्थान के चार संभागों से लोग एकत्र हुए। हरेश खुशालानी, अरविंद जांगिड़, राकेश मोटवानी और विवेक शर्मा ने बताया कि इस मौके पर 27 से ज्यादा प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

### समझौता ज्ञापन कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने की चर्चा

## क्षमता निर्माण, शासकीय कार्यों के डिजिटलाइजेशन पर हो जोर



बेधड़क | जयपुर

विकसित राजस्थान के विजन को साकार करने के लिए विशेषज्ञ आगे आए हैं और सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। ऐसे में एक-दूसरे का सहयोग लिया जा रहा है। यह कहना था जयपुर में जुटे विशेषज्ञों का, जो राजस्थान फाइनेंसियल सर्विसेज डिलीवरी व नाबार्ड कंसल्टेंसी (नेबकोंस) के बीच समझौता ज्ञापन कार्यक्रम में उपस्थित थे। इस मौके पर अखिल अरोड़ा अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त विभाग के मार्गदर्शन में कार्यकारी निदेशक मनीष माथुर व नाबार्ड कंसल्टेंसी उपाध्यक्ष मनोज कुमार अग्रवाल मौजूद रहे।

अरोड़ा ने समझौता ज्ञापन को महत्वपूर्ण कदम बताया, जिससे राजस्व संवर्धन सहित राज्य की अनेक महत्वाकांक्षी योजनाओं को बल मिलेगा। कार्यक्रम में देवशीस पृष्टी वित्त सचित बजट (कार्यकारी निदेशक आरएफएसडीएल), डॉ. रवि कुमार सुरपुर-शासन सचिव वित्त, विमल गुप्ता-कार्यकारी निदेशक, आरएफएसडीएल, अशोक पाठक विशेषाधिकारी आरएफएसडीएल व नेबकोंस प्रतिनिधि मोहित विजय उपस्थित रहे। ऐसे में पीपीपी की पहचान व विकास के साथ शासकीय कार्यों का डिजिटलाइजेशन और कार्मिकों का क्षमता निर्माण पर काम किया जाएगा।

### वर्ल्ड हार्ट डे पर जयपुर साइक्लोथॉन 29 को

## प्रथम पूज्य गणेश जी को निमंत्रण देने से की कैम्पेन की शुरुआत



बेधड़क | जयपुर

जयपुर रनर्स क्लब, रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3056 और संस्कृति युवा संस्था की ओर से वर्ल्ड हार्ट डे पर 29 सितंबर को जयपुर साइक्लोथॉन का आयोजन होगा। इसके कैम्पेन की शुरुआत मोती डूंगरी गणेशजी मंदिर में गणेश निमंत्रण के साथ की गई।

केम्पेन के पोस्टर को महंत कैलाश शर्मा, साइक्लोथॉन के फाउंडर मुकेश मिश्रा, विष्णु टांक, दीपक शर्मा बागड़ा, एडवोकेट कमलेश शर्मा, भावना पारीक, मोनिका चौधरी, सुधा खंडेलवाल, दिनेश भावनानी और प्रिया मिश्रा ने लॉन्च किया। जयपुर रनर्स क्लब के निदेशक विष्णु टांक ने बताया कि जयपुर साइक्लोथॉन में हार्ट हेल्थ के लिए जागरूकता फैलाने के लिए बड़ी कैम्पेन की शुरुआत हो गई है। इसमें शहर के हर वर्ग के व्यक्ति को जोड़ा जाएगा और 29 सितंबर को बड़ी संख्या में लोग इसका हिस्सा बनेंगे। इस मौके पर सभी विशेषज्ञों और अन्य लोगों ने हेल्थ और उससे जुड़ी बातों पर चर्चा करते हुए ऐसे आयोजनों की जरूरतो पर जोर दिया।

साथ ही अपने-अपने पुराने अनुभव शेयर किए। सभी ने महिलाओं और बच्चों को भी ऐसे आयोजनों में जुड़कर आगे बढ़ने और अपने स्वास्थ्य को बनाए रखने की बात कही।

**अवतरण दिवस** — स्व धर्म साधना शिविर में उमड़े श्रद्धालु

# मुनि प्रणम्य सागर की हजारों दीपकों से महाआरती

बेधड़क | जयपुर

मानसरोवर के मीरामार्ग स्थित आदिनाथ भवन में चातुर्मास कर रहे अर्हम योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज का 49वां अवतरण दिवस मनाया गया। इस मौके पर मुनि की हजारों दीपकों से महाआरती की गई। अध्यक्ष सुशील पहाड़िया व मंत्री राजेन्द्र सेठी ने बताया कि मानसरोवर के गौखले मार्ग स्थित सामुदायिक केन्द्र सेक्टर 9 में आयोजन में मंगलाचरण के बाद आचार्य विद्यासागर महामुनिराज व नवाचार्य समय सागर महाराज के चित्र का अनावरण किया गया। भगवान आदिनाथ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया गया।



### चांदी के बर्तनों में पाद पक्षालन

49 श्रावक श्रेष्ठी परिवारों द्वारा जयकारों के बीच चांदी के बर्तनों में मुनि का पाद पक्षालन किया गया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मुनिश्री को सिर पर जिनवाणी रखकर शास्त्र भेंट किया। इस मौके पर उत्तम चन्द पाटनी, प्रदीप चूड़ीवाल, प्रदीप जैन, विनोद जैन, सुभाष बज, विनय सोगानी, पारस कासलीवाल, सुधीर कासलीवाल ने मुनि प्रणम्य सागर महाराज को श्रीफल भेंट किया। अध्यक्ष सुशील पहाड़िया व मंत्री राजेन्द्र सेठी के नेतृत्व में हजारों दीपकों से संगीतमय महाआरती की गई। आरती के लिए स्वधर्म शिविर में बैठे हुए सभी श्रद्धालु अपने घरों से दीपक लेकर आए। समिति वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील बैनाड़ा, उपाध्यक्ष तेज करण चौधरी, कोषाध्यक्ष लोकेन्द्र जैन राजभवन वाले, संगठन मंत्री अशोक सेठी, सांस्कृतिक मंत्री जम्बू सोगानी, कार्यकारिणी सदस्य अशोक छाबड़ा, अशोक गोधा, अरुण श्रीमाल, एडवोकेट राजेश काला, विजय झांझरी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया।

सही प्रशंसा व्यक्ति का हौसला बढ़ाती है और अधिक प्रशंसा व्यक्ति को लापरवाह बनाती है।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## वियतनाम में यागी तूफान: 197 की मौत, 128 लापता



**हनोई।** *वियतनाम में तूफान यागी के कारण हुए भूस्खलन और बाढ़ से मरने वालों की संख्या गुरुवार को 197 हो गई और 128 लोग अब भी लापता हैं। कृषि और ग्रामीण विकास मंत्रालय ने बताया कि इस साल एशिया में आए सबसे शक्तिशाली तूफान यागी ने वियतनाम के उत्तरी तट पर दस्तक दी और पश्चिम की ओर बढ़ गया। इससे राजधानी हनोई में बहुत तेज आंधी आई और भारी बारिश हुई। तूफान ने क्षेत्र की सबसे बड़ी रेड नदी के किनारे के अन्य प्रांतों को भी प्रभावित किया। तूफान के कारण एक पुल ढह गया।*

### किम जोंग उन के निशाने पर था दक्षिण कोरिया!

# उत्तर कोरिया ने समुद्र की ओर दागी बैलिस्टिक मिसाइल

**एजेंसी** | सियोल

उत्तर कोरिया के सनकी तानाशाह किम जोंग उन ने एक बार फिर खतरनाक बैलिस्टिक मिसाइल दागकर दक्षिण कोरिया में हलचल मचा दी है। इस मिसाइल के दागे जाने के बाद दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा है कि उत्तर कोरिया ने गुरुवार को समुद्र की ओर कम दूरी की कई बैलिस्टिक मिसाइल दागीं।

किम जोंग की सेना ऐसा बार-बार कर रही है। बता दें कि उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने एक दिन पहले ही दुश्मनों के साथ लड़ाई में देश की परमाणु क्षमता को पूरी तरह से तैयार रखने का संकल्प लिया था। इसके अगले दिन ही बैलिस्टिक मिसाइल दागकर उन्होंने अपनी ताकत का दुश्मनों को एहसास कराया है। किम जोंग उन की इस कार्रवाई के बाद दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ' ने कहा कि उसे उत्तर कोरिया की राजधानी से दागी गई मिसाइलों का पता चला जो 360 किलोमीटर की दूरी पर कोरियाई प्रायद्वीप और जापान के बीच समुद्र क्षेत्र में जाकर गिरीं। जापान के प्रधानमंत्री फुमिओ किशिदा ने अधिकारियों को जहाजों एवं विमान की सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, लेकिन तत्काल किसी क्षति की कोई सूचना नहीं है।



### दक्षिण कोरिया को निशाना बनाने का दावा

कहा जा रहा है कि उत्तर कोरिया की इन मिसाइलों ने जितनी दूरी तय की है उससे प्रतीत होता है कि इन्हें दक्षिण कोरिया को निशाना बनाने के इरादे से विकसित किया गया है। दक्षिण कोरिया के 'ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ' ने मिसाइल दागे जाने की निंदा की और उसे उकसावे वाला कृत्य बताया और कहा कि इससे कोरियाई प्रायद्वीप में शांति को गंभीर खतरा है।

### बांग्लादेश में यूनुस सरकार का नवरात्रि पर फरमान

# अजान और नमाज के दौरान रोकें पूजा पाठ

**एजेंसी** | ढाका

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने हिंदुओं के लिए नया फरमान जारी किया है। बांग्लादेश सरकार ने हिंदुओं से कहा है कि अजान और नमाज के समय पूजा से जुड़ी गतिविधियों को रोक दें। खास तौर पर पूजा के दौरान संगीत बजाने पर रोक लगाई गई है। सरकार के गृह सलाहकार लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) मो. जाहंगीर आलम चौधरी ने कहा कि पूजा समितियों से अनुरोध किया गया है कि सरकार के इस आदेश का पालन करें। उन्होंने कहा कि अजान से पांच मिनट पहले सभी संगीत और ध्वनि उपकरणों को बंद करना अनिवार्य होगा।

### इस साल दुर्गा पूजा मंडपों की संख्या बढ़ी

पिछले साल बांग्लादेश में 33,431 पूजा मंडप थे और इस साल यह संख्या और बढ़ने की संभावना है। जाहंगीर चौधरी ने बताया कि इस साल अधिक संख्या में पूजा मंडप स्थापित किए जाएंगे, जिससे यह आयोजन और भव्य होगा। पूजा समितियों ने भी सरकार के निर्देशों का पालन करने का आश्वासन दिया है, ताकि धार्मिक शांति और व्यवस्था बनी रहे।



### कानून व्यवस्था की बैठक में लिया गया फैसला

इस दिशा-निर्देश का ऐलान सरकार की ओर से बुलाई एक कानून व्यवस्था की बैठक के बाद किया गया। यह बैठक दुर्गा पूजा के दौरान सुरक्षा बनाए रखने पर चर्चा हुई। चौधरी ने बैठक के बाद घोषणा की कि देश भर में इस साल कुल 32,666 पूजा मंडप स्थापित किए जाएंगे। इनमें से 157 मंडप ढाका साउथ सिटी और 88 नॉर्थ सिटी में होंगे। ऐसे में सरकार इस बात का पूरा ध्यान रख रही है कि देश में कहीं भी किसी तरह की अप्रिय घटना नहीं हो।

### दुर्गा पूजा मंडपों को सरकार देगी सुरक्षा

जाहंगीर आलम चौधरी ने दुर्गा पूजा मंडपों की सुरक्षा का भी आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि पूजा के समय से ही नहीं बल्कि मूर्ति निर्माण से लेकर पूरे पर्व के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की विध्वंसक गतिविधियों से निपटने के लिए सुरक्षा बल मुस्तैद रहेंगे। इससे यह सुनिश्चित किया जाएगा कि पूजा बिना किसी बाधा के पूरी हो सके।

### धार्मिक सौहार्द बनाए रखें: मोहम्मद युनूस

इसी बीच बांग्लादेश के अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने राष्ट्र के नाम संबोधन में सभी से धार्मिक सौहार्द्र बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश एक सांप्रदायिक सौहार्द्र वाला देश है, और कोई भी ऐसा कार्य नहीं करेगा जिससे धार्मिक सौहार्द्र बिगड़े। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि जो भी समाज में अव्यवस्था फैलाने की कोशिश करेगा, उसे सख्त सजा दी जाएगी।

# बांग्लादेश की पूर्व पीएम अस्पताल में भर्ती

**एजेंसी** | ढाका

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री एवं बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की अध्यक्ष खालिदा जिया को गुरुवार तड़के ढाका के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

इस बारे में समाचारपत्र 'ढाका ट्रिब्यून' ने बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (BNP) की मीडिया प्रकोष्ठ के सदस्य सैरुल कबीर खान के हवाले से बताया है कि पार्टी अध्यक्ष खालिदा जिया (79) को उनके आवास गुलशन से बुधवार और गुरुवार की रात करीब 1:40 बजे एवरकेयर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिया के फिजिशियन एजेडएम जाहिद हुसैन ने कहा कि चिकित्सकों ने पूर्व पीएम की कई जांच कराने की सलाह दी है। खालिदा जिया के अस्पताल में भर्ती होने के बाद एक निजी कक्ष में पहुंचाया गया है। डॉक्टर हुसैन ने कहा कि उनकी जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आगे के इलाज के संबंध में निर्णय लिया जाएगा।






### कैसिनो संचालक चीनी नागरिक अरेस्ट

# नेपाल में महारहस्य बना 100 किलो सोना

**एजेंसी** | काठमांडू

नेपाल के चर्चित एक क्विंटल सोने की तस्करी के मामले में केंद्रीय अनुसंधान ब्यूरो (सीआईबी) ने काठमांडू के एक कैसिनो संचालक चीनी नागरिक को गिरफ्तार किया है। सोने की तस्करी के मामले में गठित जांच आयोग की सिफारिश के बाद यह गिरफ्तारी हुई है। सीआईबी ने बुधवार की रात को काठमांडू के थमेल में रहे कैसिनो वाल्डो के संचालक टेरेंस तिएसी को गिरफ्तार किया है। सीआईबी के प्रमुख एआईजी दीपक थापा ने बताया कि सरकार द्वारा सोने की तस्करी को लेकर गठित जांच आयोग की सिफारिश के बाद वाल्डो कैसिनो पर छापामारी कर संचालक चीनी नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि एक क्विंटल सोने की खेप के बदले पैसे को इसी कैसिनो के जरिए चीन भेजे जाने का पुख्ता सबूत मिला है। सीआईबी प्रमुख थापा ने बताया कि एक क्विंटल सोने की तस्करी में प्रमुख आरोपित रहे चीनी नागरिक याओ पूचिंग सहित इस मामले में गिरफ्तार अन्य तस्करों का इस कैसिनो में लगातार आना जाना था। सीसीटीवी फुटेज में सोने के तस्करों का कैसिनो में आने और पैसे को जमा करने की रिकार्डिंग सीसीटीवी में मौजूद होने के कारण यह गिरफ्तारी हुई है।



### हांगकांग और मकाओ में भी चलता है कैसिनो

सीआईबी के मुताबिक गिरफ्तार किए गए चीनी नागरिक का हांगकांग और मकाओ में भी कैसिनो चलता है। जांच अधिकारियों के मुताबिक सोने की तस्करी में मिला पैसा कैसिनो के जरिए हवाला किया जाता था। तस्करों के तार न सिर्फ बीजिंग से बल्कि हांगकांग और मकाओ से भी जुड़े हुए हैं।

### स्कूटर के ब्रेक शू से तस्करी

तस्करी के माध्यम से हांगकांग से एक सौ करोड़ मूल्य का सोना नेपाल लाया गया। 100 किलो वजन के सोने की खेप को विमानस्थल भंसार के कार्यालय से कस्टम जांच के बाद टैक्सी में रखने के दौरान राजस्व अनुसंधान की टीम द्वारा बरामद किया गया। हांगकांग से क्याथे प्यासेफिक की उड़ान में स्कूटर के 'ब्रेक शु' के आवरण में सोने की खेप को लाया गया था। नेपाल मे एक साथ इतनी बड़ी मात्रा में सोने की तस्करी पकड़ने की यह पहली घटना है। इससे पूर्व 2019 मे चीनी तस्कर द्वारा नेपाल लाए गए 88 किलो सोने के साथ काठमांडू के क्षेत्रपाटी से गाड़ी के चालक की गिरफ्तारी हुई थी।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl